वर्ष- 21 अंक - 227 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 31 जनवरी 2026



# महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम होंगी सुनेत्रा

## पवार से मिले बिना ही मुंबई पहुंचीं सुनेत्रा पवार परिवार से भी नहीं ली कोई सलाह

मुंबई ● एजेंसी

एनसीपी नेता और दिवंगत अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार आज शाम को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम पद की शपथ ले सकती हैं। वह इस पद पर शपथ लेने वाली पहली महिला होंगी। इससे पहले किसी भी महिला ने इस पद पर काम नही किया है। राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार मुंबई पहुंच गई हैं। अजित पवार के निधन के बाद उनकी पार्टी चाहती है कि सुनेत्रा पवार उपमुख्यमंत्री का पदभार संभालें। सुनेत्रा पवार के साथ बेटे जय पवार भी मुंबई पहुंच गए हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायकों की बैठक आज दोपहर 2 बजे होगी वही सुनेत्रा पवार के आज शाम 5 बजे राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने की संभावना है।

सूत्रों के मुताबित यह फैसला केवल एनसीपी (अजीत पवार गुट) के नेताओं ने लिया है और इस बारे में परिवार से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया गया। परिवार का कहना है कि इतने बड़े फैसले से पहले उनसे कोई बात नहीं की गई, यह विवाद आज शनिवार को होने वाली विधायक दल की बैठक से ठीक पहले सामने आया है। जहां उनके नाम पर आधिकारिक मुहर लगनी तय मानी जा रही है। इतना ही नहीं सुनेत्रा पवार शरद पवार से बिना मिले ही मुंबई चली गई हैं।

### बेटे के राज्यसभा जाने की अटकलें

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित पवार के बड़े बेटे पार्थ को राज्यसभा भेज सकती है। वर्तमान में उनकी मां सुनेत्रा राज्यसभा सांसद हैं। वह महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनेंगी, जिसके बाद उन्हें अपनी राज्यसभा सीट खाली करनी पड़ेगी। उल्खनीय है कि सुनेत्रा पवार बारामती लोकसभा चुनाव लड़ने से पहले सामाजिक कार्यों में सक्रिय थीं। उन्होंने 2024 के बारामती लोकसभा चुनाव में सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेजा था।

## बजट कल... शेयर बाजार में विशेष ट्रेडिंग सत्र

**नई दिल्ली.एजेंसी।** देश में बजट 2026 को लेकर उत्सुकता चरम पर है। कल बजट पेश होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के भाषण का भी इंतजार है। वे लगातार 9वीं बार बजट पेश करेंगी। इधर कल रविवार होने के कारण निवेशकों और कारोबारियों के मन में शेयर बाजार के खुलने को लेकर संशय बन गया। जबकि कल शेयर बाजार सामान्य दिनों की तरह खुला रहेगा। बीएसई और एनएससी दोनों में विशेष ट्रेडिंग सत्र आयोजित किया जाएगा। सामान्य कारोबारी दिनों की तरह बाजार में खरीदी-बिक्री की सुविधा होगी। इस बजट में सोना-चांदी पर ड्यूटी घटकर 4 प्रतिशत होने की संभावना है।

## गाजियाबाद में दोहरा हत्याकांड से सनसनी

**गाजियाबाद.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में बीती रात उस समय सनसनी फैल गई जब शराब पीने के विवाद में ढाबे पर दो दोस्तों की हत्या हो गई। बताया जा रहा है कि ढाबा संचालक से चखने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद ढाबा पर काम कर रहे युवकों ने तीन दोस्तों पर हथियारों से वार किए, जिससे सत्यम और श्रीपाल की मौत हो गई।

## जम्मू कश्मीर : सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू.एजेंसी।** सुरक्षाबलों ने आज सुबह जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ के डोलगाम इलाके में छिपे आतंकियों से फिर संपर्क स्थापित किया है। इलाके की घेराबंदी कर ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई है। पिछले पखवाड़े में यह चौथी बार है जब इलाके में आतंवादियों से संपर्क स्थापित किया गया है। किश्तवाड़ के जंगलों में अभी भी जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी के छिपे होने की आशंका है।

## तेलंगाना में गर्ल्स हॉस्टल में फूड पॉइजनिंग से 25 छात्राएं गंभीर

**तेलंगाना.एजेंसी।** वानापर्थी जिले के कोथाकोटा बीसी गर्ल्स हॉस्टल में भोजन के बाद 25 छात्राएं फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गईं। बीमार छात्राओं को उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## राजस्थान से आईएसआई एजेंट गिरफ्तार पाकिस्तान भेज रहा था सेना की जानकारी

जयपुर ● एजेंसी



राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस विंग ने पाकिस्तान के सरहदी जिले जैसलमेर के पोकरण क्षेत्र में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में पुलिस ने एक स्थानीय युवक को गिरफ्तार किया है.आरोपी भारतीय सेना से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं सीमा पार भेजने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया गया है.अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेंस प्रफुल्ल कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि राज्य में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। नेडान गांव निवासी झबराराम को पुलिस ने पकड़ा है।

## खदान में लैंड स्लाइड्स 200 की मौत

**शनिवार.एजेंसी।** अफ्रीकी देश कांगो रिपब्लिकन के पूर्वी हिस्से में रुबाया कोल्टैन खदान में लैंड स्लाइड हो गया जिसमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। बारिश के मौसम में जमीन कमजोर होने के कारण खदान ढह गई। इसकी चपेट में मजदूर, बच्चे और बाजार में फल-सब्जी बेचने वाली महिलाएं आ गईं।

## इंदौर में सुबह हुई बूंदाबांदी , दिल्ली में यलो अलर्ट



शनिवार ● एजेंसी

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में यलो अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई राज्यों में बारिश, ठंड का दौर शुरू होने की संभावना है। मध्यप्रदेश में भी मौसम ने आज करवट ली है। कई जिलों में घना कोहरा तो कई जगह बूंदाबांदी भी हुई है जिससे प्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई। प्रदेश के इंदौर में आज सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई है। हल्का कोहरा भी कई जिलों में छाया हुआ है। ग्वालियर में कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर से कम हो गई।

## भीख मांगकर सिर झुकाना पड़ता है पाकिस्तानी पीएम

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने देश की आर्थिक बदहाली स्वीकार करते हुए कहा कि कर्ज मांगते हुए देशका सिर शर्म से झुक गया है। उन्होंने माना कि आईएमएफ और मित्र देशों से वित्तीय मदद लेने के लिए पाकिस्तान को अपने आत्मसम्मान और नीतियों से समझौता करना पड़ता है।

## पत्नी पर किताब लिखेंगे शिवराज

**बीकानेर.एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल राजस्थान के बीकानेर में सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहु-चे। जहां केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद थे। हाल ही में मेघवाल ने अपनी पत्नी को समर्पित एक किताब लिखी है। इसी का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पत्नी की तारीफ के लिए हिम्मत चाहिए। मैं भी पत्नी पर लिखूंगा।

## गर्लफ्रेंड के घर के बाहर खाया जहर, मौत

**गुना.एजेंसी। गुना में रहने वाले एक युवक ने बीती शाम जहर खाकर अपनी गर्लफ्रेंड के घर के बाहर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि अरुण रजत का पिछले कुछ वर्षो से युवती से अफेयर चल रहा था। युवती की परिजनों ने कहीं और शादी तय कर दी जिसके बाद युवक ने यह कदम उठाया।**

# जीतू पटवारी का दिख रहा है इन दिनों इंदौर प्रेम

## भागीरथपुरा मुद्दे पर भी दिखे थे मुखर, अब कई आयोजन में हो रहे हैं शामिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को विधानसभा चुनाव भी लड़ना है संभवतः इसीलिए वे इंदौर में अब अपना राजनीतिक चेहरा चमकाए रखना चाहते हैं। वैसे तो उनकी राऊ विधानसभा है। ऐसी संभावना भी है कि विधानसभा चुनाव के पहले परिसीमन हो और उसमें क्या स्थिति बने वह बात अलग है, लेकिन इन दिनों पटवारी इंदौर के कई कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। खासतौर से भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मृत्यु और बीमार लोगों के मुद्दे पर वे भागीरथपुरा और अस्पताल भी गए थे और उन्होंने ही लोकसभा में



नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी को इंदौर बुलवाया था। एक माह में कई बार इंदौर आकर कई कार्यक्रमों में वे शिरकत कर चुके हैं। कल भी जीतू पटवारी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की उसके बाद महू विधानसभा में आयोजित कार्यक्रमों में भी शिरकत कर राजेन्द्र नगर थाना में भी मतदाता सूची फार्म-7 के तहत लगाई गई आपत्तियों को लेकर प्रदर्शन किया और थाना में शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों से पटवारी और कांग्रेसियों की नोकझोक भी हुई। इस दौरान थाना में पटवारी के साथ सज्जन वर्मा, चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, दौलत पटेल, अमित चौरसिया सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे। पटवारी फार्म-7 की आपत्ति को लेकर मुखर है। पटवारी ने कहा कि षडयंत्र के तहत पात्र मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। खुद जीतू पटवारी भी कांग्रेस की ओर से राऊ विधानसभा गृह क्षेत्र में बीएलए है और उन्होंने आरोप लगाया कि शासकीय बीएलओ और भाजपा के बीएलए मिलकर षडयंत्र कर रहे हैं। कुल मिलाकर इंदौर में पटवारी का बार-बार आना कार्यक्रम और प्रदर्शन में शामिल होने से शहर कांग्रेस और जिला कांग्रेस में भी संगठनात्मक जान फूंकने की वे कोशिश कर रहे हैं, जिसमें सफलता भी मिलती दिख रही है, कल भी गांधी प्रतिमा के कार्यक्रम में भीड़ नजर आई थी। राजेन्द्र नगर थाना में भी कांग्रेसी मौजूद रहे।



# बजट को लेकर दिए और सुने उद्बोधन

## भाजपा कार्यालय में की गई बैठक में नगर अध्यक्ष मिश्रा के एक वर्ष के कार्यकाल पर सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** केन्द्रीय बजट कल रविवार 1 फरवरी को आना है, उसके पूर्व शुक्रवार को भाजपा ने केन्द्रीय बजट पर बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित की। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी ने उद्बोधन भी दिए। वहां मौजूद भाजपाइयों ने बजट पर आधारित उद्बोधन भी सुने। शंकर लालवानी, सुमित मिश्रा, पुष्यमित्र भार्गव, महेन्द्र हार्डिया, मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, दीपक जैन टीनू, कैलाश शर्मा, राजेश उदावत, अभिषेक शर्मा बबलू, राकेश जैन, भूपेन्द्र केसरी, नितिन शर्मा, कंचन गिदवानी, गुलशन यादव सहित अन्य मौजूद थे। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के एक वर्ष के कार्यकाल पर मौजूद भाजपाइयों ने बधाई दी और सांसद, विधायकों ने बधाई के साथ पुष्प माला, मोतियो की माला, साफा, मालवी पगड़ी भी पहनाई और स्वागत किया।

# कांग्रेस कर रही है धरना की तैयारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस के नेतृत्व में भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मृत्यु और सैकडों लोगों को बीमार होने के मुद्दे पर 3 फरवरी को राजबाडा पर बडी संख्या में कांग्रेसियों की मौजूदगी में धरना दिया जाएगा और पूरा दोष भाजपा सरकार और निगम परिषद को दिया जाएगा। चिंटू चौकसे ने बताया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की जाएगी एवं दोषियों पर हत्याओं का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की जाएगी। यह धरना आज 31 जनवरी को किए जाने की घोषणा की थी लेकिन अब यह धरना 3 फरवरी को होगा।

# शंकराचार्य के अपमान में सद्बुद्धि को लेकर बजाए झांज-मजिरे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस नेता देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि शंकराचार्य का उत्तरप्रदेश में लगातार अपमान किया गया। सरकार को सद्बुद्धि के लिए पंढरीनाथ काल भैरव मंदिर पहुंचकर कांग्रेसियों ने झांज-मजिरे बजाए और सद्बुद्धि प्रार्थना भी की और कहा कि इतने बड़े संत को प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर संगम में स्नान नहीं करने देना धर्म का अपमान है। यादव ने कहा कि शंकराचार्य पद की मान्यता तय करने का अधिकार विद्वत परिषद और सनातन परंपरा को है, न कि किसी सरकारी अधिकारी को। प्रशासन का दायित्व कानून-व्यवस्था तक सीमित है, न कि धर्मगुरुओं की



गरिमा पर सवाल उठाना। इस दौरान देवेन्द्रसिंह यादव, सत्यनारायण सलवाड़िया, विशाल चतुर्वेदी, नीलेश सेन, रोहित जोशी, विभाष शर्मा, लवेश यादव, अश्विन जोशी, दिनेश सिलावट, प्रतीक मित्तल, सावन सिलावट, गोविंद शर्मा, अशोक चौधरी, संजय शुक्ला, चंदन सोनकिया, आबिद खान, महेंद्रसिंह यादव, नितेश भारद्वाज, रविकांत सैनी, लक्ष्मण सिलावट खत्री सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।



# तीन दिवसीय नर्मदा साहित्य मंथन आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नर्मदा साहित्य मंथन का शुभारम्भ केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने किया। उन्होंने सार्थक उदबोधन भी दिया। आचार्य मिथलेश शरण नंदिनी महाराज, डॉ पूर्णेन्द्र सक्सेना,राकेश सिंघई, दिनेश गुप्ता, श्रीरंग पेंढारकर मौजूद थे।



# ड्रेनेज लाइन कार्य करवाया शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देपालपुर विधानसभा के शहरी वार्ड 16 में पार्षद सोनाली मुकेश धारकर के प्रयास से स्मृति नगर की बची गलीयो मे ड्रेनेज लाईन का कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सुभाष जैन, गजेंद्र एनवार, मनोज सोनावने, राजकुमार राठौर, सूरज जैन, विनोद सेन, देवकीनंदन मौजूद थे।

# पार्षद ने किया सड़क निर्माण के पहले पूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 5 के वार्ड 54 स्थित तुलसी नगर में नवीन रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन पार्षद महेश बसवाल, उमेश मंगरोला, गोपाल सिंगार, दुर्गेश मिंजवा, अतुल राजपूत, गीतांजलि पिवाल, आशा मंत्री, अर्जुन मेहरा, दिनेश रोकड़े, आशु गोयल ने किया।



# शिवाजी मार्केट मल्टी लेवल पार्किंग ध्वस्त

## मेट्रो कंपनी ने मेट्रो स्टेशन के लिए तोड़ा निर्माण

### रात भर में आधे से ज्यादा तोड़ दिया, बचा हुआ आज दिन में तोड़ेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कल रात में कृष्णापुरा पुल के पास में स्थित शिवाजी मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग को ध्वस्त करने का काम शुरू कर दिया। कंपनी के द्वारा रात में आधा निर्माण तोड़ दिया गया। बचे हुए आधे निर्माण को आज तोड़ा जाएगा।

मेट्रो रेल का स्टेशन नगर निगम के मुख्यालय के पास में स्थित सरकारी जमीन पर आ रहा है। इस स्टेशन के लिए जितनी जमीन चाहिए उतनी जमीन उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में मेट्रो रेल कंपनी के द्वारा नगर निगम के शिवाजी मार्केट के मल्टी स्टोरी पार्किंग की जमीन मांगी गई थी। नगर निगम के द्वारा यह जमीन देने पर भी अपनी सहमति दे दी गई थी। इस आधार पर इस जमीन का कब्जा लेने के लिए इस जमीन पर बने हुए मल्टी स्टोरी पार्किंग को तोड़ने का काम मेट्रो रेल कंपनी के द्वारा कल रात में शुरू करवाया गया।




रेल कंपनी ने रात को 11:00 बजे इस मल्टीलेवल पार्किंग को निजी ठेकेदार के माध्यम से तुड़वाना शुरू किया। इस कार्य में नगर निगम के अधिकारियों की भी मदद ली गई। मेट्रो रेल कंपनी की इस कार्य की प्रभारी अधिकारी लता अग्रवाल ने बताया कि रात में 11:00 बजे इस मल्टीलेवल पार्किंग को तोड़ना शुरू किया गया था। यह कार्य सुबह 4:00 बजे तक चलता रहा।

मेट्रो रेल कंपनी ने इस काम को करने के लिए निजी क्षेत्र के ठेकेदार को ठेका दिया है। इस ठेकेदार के द्वारा जिस तरह से निर्माण तोड़ा जा रहा है उसके साथ ही इस गति से उस स्थान से निर्माण का मलवा भी उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बचे हुए निर्माण को आज दोपहर में तोड़ दिया जाएगा। निगम के द्वारा इस कार्य में मेट्रो कंपनी को पर्याप्त सहयोग दिया गया।

### 2 करोड़ दिए हैं निगम को

मेट्रो रेल कंपनी के द्वारा इस निर्माण को तोड़ने की कीमत के रूप में इंदौर नगर निगम को करीब 2 करोड रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। यह राशि पहले ही दे दी गई है उसके बाद में इस निर्माण को तोड़ने का काम किया गया है। नगर निगम के द्वारा भी महापौर परिषद की पिछली बैठक में इस बारे में तैयार किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई थी।

### 16 गुमटी भी हो गई ध्वस्त

इस मल्टीलेवल पार्किंग के अंदर की तरफ बनी हुई 16 गुमटी भी तोड़ दी गई है। यह सभी गुमटी अवैध रूप से लगाई गई थी। पूरे क्षेत्र को खाली करने के मकसद से मेट्रो कंपनी के द्वारा इन गुमटी संचालकों को यह कह दिया गया था कि वह अपने सामान को निकालकर गुमटी को खाली कर दें और यदि उचित समझे तो अपनी गुमटी को खुद निकाल कर ले जाएं। कल रात में जब मेट्रो कंपनी के द्वारा यह कार्रवाई की गई तो इसका कहीं कोई विरोध नहीं हुआ।

### खाली पड़ा रहता था पार्किंग

मेट्रो कंपनी के द्वारा इंदौर नगर निगम के जी मल्टी लेवल पार्किंग को तोड़ा गया है वह पूरी तरह से फेल हो चुका था। यह पार्किंग खाली पड़ा रहता था। लोग पार्किंग में आकर अपनी गाड़ी लगाने के बजाय सड़क के किनारे ही अपनी गाड़ी लगाने में सुविधा महसूस करते थे। ऐसे में इस पार्किंग का कहीं कोई उपयोग नहीं हो पा रहा था।

## जैन समाज की कल बैठक के पहले कई तरह के मैसेज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के चुनाव की तैयारियां करवा रहे विनय बाकलीवाल को ही दोनों सामाजिक संसद के अध्यक्ष ने अध्यक्ष बना दिया था, जबकि उस समय मंदिरों के सदस्यों की सूची अंतिम दौर में चुनाव के लिए पहुंच गई थी। विनय बाकलीवाल के अध्यक्ष बनने के बाद कासलीवाल खेमे ने रणनीति बनाकर फिर से दूसरी सामाजिक संसद बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी और कल रविवार 1 फरवरी को महावीर बाग में बैठक का आयोजन हो रहा है। कल की बैठक को लेकर जमकर मैसेज चल रहे हैं। कुछ लोग ऐसे भी नजर आ रहे हैं, जो पहले बाकलीवाल को अध्यक्ष बनाने के समय आगे दिखे थे वे ही लोग अब होने वाली बैठक के लिए मैसेज भी चला रहे हैं। अब मैसेज में यही कहा जा रहा है कि मंदिरों के जो निर्धारित सदस्य है, जिन्हें सामाजिक संसद का सांसद कहा जा रहा है वे ही अध्यक्ष चुनने का अधिकारी रखते हैं। अब मैसेज के माध्यम से एक संसद और एक अध्यक्ष वह भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण के बाद बनाने की बात की जा रही है। मैसेज में यही चल रहा है कि सामाजिक संसद के अध्यक्ष का चयन प्रजातांत्रिक प्रणाली से चुनाव द्वारा किया जाए और चुनाव में चयनीत अध्यक्ष ही दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद का अध्यक्ष स्वीकार किया जाए। कुछ लोगों ने यह भी लिखा कि जब पूर्व में समन्वय कर रहे विनय बाकलीवाल ने मतदाता सूची को अंतिम स्वरूप प्रदान करते समय साधारण सभा की भी बात की गई थी, जिसमें अध्यक्ष निर्वाचन की भी बात कही गई थी और यह भी तय हुआ था कि समन्वय समिति का कोई भी सदस्य सामाजिक संसद के अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ेगा और ना ही किसी को अध्यक्ष घोषित करेगा, लेकिन समन्वय समिति ने बनाए नियम को ही भंग कर दिया। इसी कारण मंदिरों के प्रतिनिधियों में असंतोष व्याप्त है। उक्त बाते डॉ. जैनेन्द्र जैन ने भी सोशल मीडिया पर लिखी है और कल दोपहर 2 बजे होने वाली महावीर बाग की बैठक में भी जैन समाजजनों को आमंत्रित किया है।



## आज सुबह कुछ जगह हुई बरसाती बूंदाबांदी

### *आज शाम तक रहेंगे बादल, कल से खुल सकता है मौसम*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मौसम में लगातार परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं, जहां कल हवाएं कम चली, वहीं आज सुबह से बदली छाई रही और कुछ जगह आज सुबह मावठे की बरसाती बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि बादलों का आना-जाना आज शाम 5 बजे तक बना रहेगा और उसके बाद मौसम खुलेगा, कल से धूप खिलेगी और कल दोपहर की धूप के बाद से ठंड भी कम होगी। किसान इस बार मावठे की बरसात का इंतजार कर रहे हैं। विजय नगर से राजकुमार जैन ने बताया कि सुबह मावठे की बरसात हुई और कुछ गलियां गीली भी हुई। चित्र उन्हीं के द्वारा भेजा गया।

## पूर्व सरपंच की प्रतिमा का किया अनावरण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आम्बेडकर नगरी महू विधानसभा के गवली पलासिया में पूर्व सरपंच और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे भागीरथ वर्मा की प्रतिमा का अनावरण कल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, संगठन महामंत्री दौलत पटेल की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान महू और गवली पलासिया से संबंधित कांग्रेसी भी मौजूद थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में पटवारी ने उद्‌बोधन भी दिया।

## अभी दावे-आपत्तियां चल रही है और कांग्रेसी कह रहे हैं एफआईआर दर्ज करो

### भाजपाई कह रहे हैं शिकायत की धमकी मत दो, हम फर्जी मतदाताओं पर ले रहे हैं संज्ञान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मतदाता सूची मामले में अभी दावे-आपत्तियां का दौर चल रहा है, जो 13 फरवरी तक चलेगा। कई आपत्तियां भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा फार्म-7 के अन्तर्गत ली जा रही है और मामला बीएलओ और निर्वाचन तक पहुंच रहा है। अब इस मामले में कांग्रेसी सजग होकर आपत्ति लेने वालों का विरोध कर रहे है। इधर कांग्रेसी कह रहे हैं कि जो आपत्ति लगा रहे हैं, अगर वह आपत्ति गलत है तो उस पर प्रकरण दर्ज किया जाए। इसी मुद्दे पर कल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कई कांग्रेसियों ने राजेन्द्र नगर थाना में भी शिकायत दी है। इस आपत्ति मामले में बीएलओ को जांच करना है शिकायत के बाद बीएलए संबंधित जगह पहुंचकर अड़ोस-पड़ोस में तहकीकात कर जांच भी कर रहे हैं, लेकिन इधर कांग्रेस लगातार एफआईआर की बात कर रही है।

इधर भाजपाई सूत्रों का कहना है कि हम शिकायत नहीं करे इसलिए कांग्रेस एफआईआर का कहकर भाजपाइयों को डरा रही है, जबकि हम फर्जी मतदाताओं पर संज्ञान ले रहे हैं, इधर आम मतदाताओं का कहना है कि केवल चिह्नित लोगों को ही परेशान किया जा रहा है और उन्हें मतदाता से वंचित करने की कोशिश की जा रही है।

# बायपास पर और बढ़ेगी रौनक, मिक्स लैंड यूज को अनुमति

## बायपास के बफर जोन में बन सकेगी सर्विस रोड़, आवासीय और व्यावसायिक नए बाजार होंगे विकसित, शहर पर कम होगा दबाव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर में यातायात और आबादी दबाव लगतार बढ़ता जा रहा है, इसलिए बायपास से सटी जमीनों का विकास तेजी किया जाएं, साथ ही यहां आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों तेजी से विस्तार देने के लिए टॉउन एंड कंट्री प्लानिंग मुख्यालय भोपाल द्वारा बायपास के आस-पास की जमीनों के मिक्स लैंड यूज को मंजूरी दी जा रही है। जिसके बाद बायपास सड़क के आस-पास जमीन मालिक मिक्स लैंड यूज के नक्शे पास करवा सकेंगे। जिसका फायदा बायपास की कॉलोनियों में नए बाजार बनाने के साथ क्षेत्र में कमर्शियल एक्टिविटी बढ़गी।

इंदौर शहर में कॉलोनियों का विस्तार बायपास पर तेजी से हो रहा है, जिसको देखते बायपास की सर्विस रोड़ की चौड़ाई बढ़ाने की आवश्यकता है। इस नेशनल हाईवे के निर्माण के दौरान नोटिफिकेशन में सड़क के दोनों ओर 45-45 मीटर का बफर झोन प्रस्तावित था। वर्तमान में इस जमीन पर बायपास के दोनों ओर 22.5-22.5 मीटर की सर्विस रोड़ बनी हुई है, लेकिन दबाव को देखते हुए बचे हुए हिस्से में भी 22.5-22.5 मीटर जमीन और ली जानी है, ताकि की सर्विस रोड का निर्माण पूरा किया जा सके। भूखंड स्वामियों से बची हुई जमीन लेने के लिए इंदौर के पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह की पहल पर 2022 में टॉउन एंड कंट्री प्लानिंग भोपाल मुख्यालय को जमीन मालिकों को मिक्स लैंड यूज देने करने का प्रस्ताव टांउन कंट्री प्लानिंग इंदौर के माध्यम से भेजा गया था, जिसको भोपाल से मंजूरी मिलने के बाद टॉउन एंड कंट्री प्लानिंग इंदौर और नगर निगम ने नक्शों को मंजूरी देना शुरू कर दिया है। इसके बाद बचे हुए हिस्से में सर्विस रोड़ के लिए जमीन लेना प्रशासन के लिए आसान हो जाएगा। वहीं जमीन मालिको को यहां मॉल, स्कूल, अस्पताल, होटल, मैरिज गार्डन, शापिंग कॉप्लेक्स, वाहनों के शोरूम मल्टी प्लेक्स, सहित अन्य निर्माण सकेंगे। इसके अलावा भू स्वामियों को अतिरिक्त एफएआर ( फ्लोर रेशो एरिया) मिलेगा। हालांकि बाईपास पर वर्तमान में भी बगैर टीएनसी परमिशन के होटल अस्पताल मॉल शॉपिंग परिसर बनाए जा चुके हैं लेकिन अब टीएसपी द्वारा नक्शे स्वीकृत होने के बाद इनकी संख्या में तेजी से वृद्धि होगी।। उक्त सुविधा बढ़ाने के बाद बाईपास के आसपास की सभी कॉलोनियों में आवासीय गतिविधियों और अधिक तेजी से विकसित होने लगेगी।वर्तमान में रियल स्टेट कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि बाईपास पर विकास की दर 40 से 45प्रतिशत प्रतिशत है, यदि मिक्स लैंड उसे की अनुमति टीएसपी एवं नगर निगम द्वारा दी जाती है तो यह बढ़कर 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। बाईपास के आसपास बड़े व्यावसायिक प्लांट हैं, जिस पर करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अनुमति नहीं मिलने के कारण आकर नहीं ले पा रहे थे, इस अनुमति के लिए सालों से इंतजार किया जा रहा था।

नए प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद भूखंड स्वामियों को नियम अनुसार मिक्स लैंड अनुमति का प्रावधान किया गया है।

**-शुभाशीष बनर्जी, डायरेक्टर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग**

## पिंजरे में आए तेंदुए को चिड़ियाघर पहुंचाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिले के सनावदिया गांव में रहवासी विगत एक सप्ताह से बोल रहे थे कि यहां तेंदुएं का मूमेंट है, कई जगह तेंदुए के निशान भी देखें गए थे उसी के बाद वन विभाग टीम ने पहले तेंदुए का मूमेंट चेक किया और जहां तेंदुए का बार-बार आना-जाना लग रहा था वहां पिंजरा लगाया और अब इस पिंजरे में पेटपूजा करने पहुंचा तेंदुआ जकड़ में आया। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को चिड़ियाघर पहु-चाया। अब जाकर सनावदिया ग्राम के लोगों ने राहत की सांस ली।



# श्रीनगर कांकड़ से लापता बच्चे का खून से सना जैकेट मिला

## सीसीटीवी में अनजान युवकों के साथ जाता दिखा मासूम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एमआईजी थाना क्षेत्र के श्रीनगर कांकड़ क्षेत्र से लापता हुए एक मासूम बच्चे के मामले ने बीती रात उस वक्त सनसनीखेज मोड़ ले लिया, जब पुलिस को तलाशी के दौरान बच्चे का खून से सना हुआ जैकेट बरामद हुआ। बीती शाम से गायब अली कादरी पिता आफताब कादरी की तलाश में जुटी पुलिस और परिजनों के हाथ लगे इस सुराग ने अनहोनी की आशंका को गहरा कर दिया है। पुलिस अब अपहरण और हमले की धाराओं के तहत मामले की गहनता से जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार, अली कादरी शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे घर के बाहर से अचानक लापता हो गया था। काफी देर तक जब बच्चा घर नहीं लौटा, तो परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की। इस दौरान क्षेत्र में लगे एक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए, जिसमें अली दो अनजान युवकों के साथ दोपहिया वाहन पर बैठकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। फुटेज में दिख रहे संदिग्ध युवक कौन हैं और अली उनके साथ स्वेच्छा से गया या उसे बहला-फुसलाकर ले जाया गया, पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है।



## मस्जिद निर्माण के लिए दुकान खाली कर दी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तुकोगंज स्थित हजरत नियाज अली सरकार मस्जिद में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। मस्जिद के आगे दुकानें बनी हुई है। कमेटी के गोलू अशफाक हुसैन ने बताया कि मस्जिद कार्य के लिए अपनी दो दुकानें नूर ने खाली कर दी और कहा कि अल्लाह के घर में अगर मेरी दो दुकान से मस्जिद बड़ी होती है तो यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। नूर का इस्तकबाल हुआ तो उनकी आंखों में आँसू भी आ गए।

## मार्क्सवादी पार्टी करेगी आज दोपहर आमसभा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आज दोपहर 2 बजे मालवामिल चौराहा पर स्मार्ट मीटर जबरन लगाने एवं निगम द्वारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने, भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु पर न्यायिक जांच कराने पर आमसभा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन से रुद्रपाल यादव, अरुण चौहान, सोहनलाल शिंदे, सी एल सर्रावत, कैलाश लिम्बोदिया, अरविंद पोरवाल, भागीरथ कच्छवाय, कैलाश गोटानिया सहित अन्य जुड़े हुए हैं।

# विकास को लेकर रेलवे मंडल के साथ प्रशासन और निगम की बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कलेक्टर कार्यालय में कल इंदौर को मिलने वाली विकास परियोजनाओं को लेकर पश्चिम रेलवे मंडल, जिला प्रशासन एवं नगर निगम की समन्वय बैठक आयोजित की गई। रेलवे के दो बड़े ब्रिज प्रस्तावित है, इस मुद्दे पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। सांसद शंकर लालवानी, पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, रेलवे के धीरज कुमार, अंकुर सिंह मौजूद थे। केन्द्र और प्रदेश सरकार के माध्यम से इंदौर को शास्त्री ब्रिज एवं आरटीओ–केसरबाग रोड पर दो महत्वपूर्ण रेलवे ब्रिज की सौगात मिलने जा रही है। इन दो पुल से यातायात जाम से राहत मिलने की संभावना भी जताई गई। महापौर ने कहा कि निगम इस परियोजना में पूर्ण सहयोग करेगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने भी आवश्यक निर्देश दिए। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा हर संभव निगम कार्य में मदद करेगा।



# सांसद की मौजूदगी में इंदौर को अंगदान में नम्बर-1 बनाने पर चर्चा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सामाजिक संगठन, धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में अंगदान को नम्बर वन बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह चावडा, रीना मालवीय, अण्णा महाराज, डॉ. अनिल भंडारी की मौजूदगी में तय हुआ कि अब स्वच्छता के बाद अब इंदौर को अंगदान में भी नम्बर-1 बनाना है इसके लिए जनजागरण और संकल्प पत्र भरवाने के लिये जल्द अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत सामाजिक जनजागरूकता के साथ ही एक लाख से अधिक संकल्प पत्र भरवाये जाएंगे। इसी उद्देश्य से अभियान को सफलतापूर्वक मूर्तरूप देने के लिये चर्चा की गई और प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई। वर्तमान में अंगदान के लिए ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध है, जहां नागरिक नेत्रदान, त्वचा दान एवं अंगदान की प्रतिज्ञा ले सकते हैं। इसके लिए शहरभर में एक व्यापक जन-जागरण अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान में नगर निगम, महापौर, जिला प्रशासन, सामाजिक संगठन, धर्मगुरु एवं जनप्रतिनिधि सामूहिक रूप से भागीदारी करेंगे। अभियान के तहत ऑनलाईन संकल्प पत्र भरवाये जाएंगे। खासतौर पर कॉलेजों और युवाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवा ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कर अंगदान की प्रतिज्ञा लें। सांसद लालवानी ने कहा कि सामाजिक संगठनों ने संकल्प लिया है कि वे इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देंगे। बैठक में बताया गया कि लक्ष्य के रूप में आगामी एक-दो माह में लगभग एक लाख लोगों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अंगदान के लिए कराने का प्रस्ताव रखा गया है। सभी धर्मगुरुओं के आशीर्वाद और सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता से यह अभियान शहरभर में व्यापक स्तर पर संचालित होगा।



# स्वीपिंग मशीन का 151 करोड़ रुपए किराया चुकाएगा निगम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर नगर निगम के द्वारा सड़कों की सफाई स्वीपिंग मशीन के माध्यम से कराई जाती है। यह मशीन नगर निगम के द्वारा किराए पर ली जाती है। इसके किराए के रूप में नगर निगम 151 करोड रुपए की राशि चुकाएगा।

इस प्रस्ताव को आज होने जा रही महापौर परिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखा गया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरी सीमा क्षेत्र के मुख्य मार्गो, ट्विटर रोड, लिंक रोड एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई हेतु स्वीपिंग मशीन का उपयोग किया जाता है। यह मशीन नगर निगम के द्वारा मासिक किराए पर लेकर कार्य कराया जाता है। इस मशीन को किराए पर लेने के लिए बुलवाए गए नए टेंडर को मंजूरी के लिए रखा गया है। नगर निगम के द्वारा इस मशीन को किराए पर लेकर कार्य कराया जाएगा। इस मशीन के माध्यम से सफाई के कार्य को अंजाम दिया जाएगा। इस मशीन के किराए के रूप में नगर निगम के द्वारा 151 करोड रुपए की राशि का भुगतान किया जाएगा। यह राशि अगले 5 साल में किराए के रूप में चुकाई जाएगी। इससे स्पष्ट है कि हर साल इस मशीन के किराए पर नगर निगम के खजाने से 30 करोड रुपए खर्च होंगे।

इंदौर नगर निगम के द्वारा सी एण्ड डी प्लांट के निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ स्थापना के पुराने टेंडर को कैंसिल करने का फैसला लिया गया है। इस फैसले को मंजूरी के लिए आज महापौर परिषद की बैठक में रखा जा रहा है। निगम के द्वारा देव गुराडिया के पास में स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर भवन निर्माण को तोड़ने से निकलने वाले मलबे के निष्पादन के लिए पी-पीपी मॉडल पर प्लांट लगाने का फैसला लिया गया था। स्पेशलिस्ट के क्रियान्वयन के लिए नगर निगम के द्वारा टेंडर भी किया गया था। जिस एजेंसी के द्वारा टेंडर लिया गया था वह एजेंसी अब काम करने में इच्छुक नहीं है। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा इस टेंडर को कैंसिल करने और नया टेंडर बुलवाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव आज की महापौर परिषद की बैठक में रखा गया है।

अब होगा सड़कों का पैच वर्क

आज की महापौर परिषद की बैठक में शहर की सड़कों के पैच वर्क के कार्य के टेंडर को भी मंजूरी के लिए रखा गया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि जोनल कार्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षतिग्रस्त मार्गों पर डामर का पैच वर्क और री सरफेसिंग का कार्य करने के लिए बुलाए गए पांचवें टेंडर को मंजूरी के लिए रखा जा रहा है। इसके पहले इस कार्य के लिए चार टेंडर मंजूर किए जा चुके हैं जिन पर की अब काम शुरू हो रहा है। इस 5 वें टेंडर को आज महापौर परिषद के द्वारा मंजूरी दी जाएगी।

## अन्य महत्वपूर्ण कार्य

- शहर के विभिन्न स्थानों के नामकरण के प्रस्ताव को भी आज मंजूरी दी जाएगी।
- अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग महापुरुषों की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव भी आज रखा गया है।
- शहर के 24 बगीचे और ग्रीन बेल्ट तथा रोड डिवाइडर को देखने के लिए निजी क्षेत्र को गोद देने के प्रस्ताव को भी रखा गया है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित की जा रही आवासीय इकाइयों की कीमत को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित भावनाओं में 126 फ्लैट के आवंटन का प्रस्ताव रखा गया है।



## होटल की सुरक्षा मॉक ड्रिल से परखी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आपातकालीन परिस्थितियों में किस तरह से कार्य किया जाए उसे लेकर इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम ने बड़ी होटल में मॉक ड्रिल कर सुरक्षा व्यवस्था को देखा, वहां मौजूद कर्मियों को किस तरह आपातकालीन स्थिति में लावारिस वस्तु मिलने पर सुरक्षा के मापदंड किस तरह रखे जाए उसका जीवंत अभ्यास कराया। खालिद मुश्ताद, चन्द्रकांत पटेल के मार्गदर्शन में कार्य हुआ।

# 1300 करोड़ के पानी के प्रस्ताव पर आज होगा महापौर परिषद की बैठक में विचार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर नगर निगम की महापौर परिषद की बैठक आज आयोजित की गई है। इस बैठक में अमृत 2.0 योजना के तहत 1300 करोड रुपए के पानी के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

इंदौर नगर निगम के सचिव के द्वारा कल शाम को मेयर इन काउंसिल की बैठक आज दोपहर 2:00 बजे आयोजित किए जाने की सूचना जारी की गई। इस सूचना के साथ इस बैठक का एजेंडा भी जारी किया गया। इस एजेंडा में 17 प्रस्ताव लिए गए हैं। इसमें सबसे पहला प्रस्ताव पानी के काम के लिए 497 करोड रुपए मंजूर करने का है। अमृत 2.0 योजना के तहत यह कार्य किया जाना है। इसके लिए नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों टेंडर बुलाए गए थे। इस टेंडर को मंजूरी के लिए रखा गया है। दूसरा प्रस्ताव में भी अमृत 2.0 का 448 करोड रुपए का टेंडर मंजूरी के लिए रखा गया है। प्रोग्राम में इसी योजना के तहत पानी के काम के लिए 410 करोड़ का टेंडर मंजूरी के लिए रखा गया है। महापौर परिषद के आज होने वाली बैठक में अमृत 2.0 के तहत 1300 करोड रुपए के तीन टेंडर को मंजूरी के लिए रखा गया है । ऐसा समझा जाता है कि इस बैठक में इन टेंडर को मंजूरी दे दी जाएगी। इसके बाद में इन टेंडर में किए गए कामों के प्रावधान के अनुसार काम शुरू हो सके-गे। पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा नर्मदा पेयजल योजना के चौथे चरण के काम का भूमि पूजन का शुभारंभ किया गया था। उस समय से ही इस योजना के तहत पाइपलाइन डालने जैसे मूलभूत काम के टेंडर मंजूर होने का इंतजार किया जा रहा था। अब आज यह टेंडर मंजूरी के लिए प्रस्तुत हो गए हैं।

**पानी की जरूरत होगी पूरी-** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि अमृत 2.0 के तहत हमारे द्वारा जो प्रावधान किया गया है उससे इंदौर की पानी की जरूरत पूरी हो जाएगी। अभी जिन क्षेत्रों में नर्मदा पेयजल योजना का पानी नहीं जाता है उन क्षेत्रों में भी इस योजना के तहत पानी जाना शुरू हो जाएगा। नागरिकों को नर्मदा का पानी सुगमता के साथ मिल सकेगा। इस योजना के तहत रिंग रोड के बचे हुए क्षेत्र और बाईपास के क्षेत्र में नर्मदा का पानी पहुंच सकेगा।

अलग-अलग पैकेज में बांटा है काम को- नगर निगम के द्वारा अमृत योजना के तहत किए जाने वाले पानी के कामकाज को अलग-अलग पैकेज में बांटा गया है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि अलग-अलग ठेकेदार को काम दिया जा सके और उन ठेकेदार के माध्यम से यह काम तेज गति के साथ पूरा हो सके। निगम शहर की जनता को पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाने के लिए अमृत योजना के अंतर्गत काम कर रहा है।

# राजीव गांधी चौराहे पर फूट गई नर्मदा की लाइन

## कल शहर में रहेगा पानी का संकट, नल नहीं आएंगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

राजीव गांधी चौराहे पर नर्मदा पेयजल योजना की लाइन फूट गई है। इस लाइन को सुधारने का काम किया जाएगा। इसके कारण कल शहर में पानी का संकट रहेगा। कल नल में पानी नहीं आएगा।

नर्मदा परियोजना के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नर्मदा तृतीय चरण की पाईप लाइन 1100 एमएम व्यास की मेन लाइन में राजीव गाँधी चौराहे पर लीकेज हो गया है। जिसका सुधार कार्य किया जाना है। उक्त कार्य मेसर्स रामकी इनफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा किया जायेगा। कार्य किये जाने के लिए नर्मदा कंट्रोल रूम बिजलपुर से मुख्य पाईप लाइन पर स्थापित वाल्व को बंद किया जाएगा एवं कार्य पूर्ण होने तक बंद ही रहेगा। उक्त कार्य को करने के दौरान कल 1 फरवरी को प्रभावित होने वाला सीधा जलप्रदाय जो कि काजी की चाल, रेस कोर्स रोड, डॉ. सविता इमानदार की गली, सुनार वाडा, गोमा की फैल, पंचम की फेल, गोटू की चाल, लाला का बगीचा का कुछ हिस्सा, न्यू देवास रोड, एम.आई जी. कॉलोनी सेक्टर-ए एवं बी, अन्नपूर्णा अपार्टमेंट सोमनाथ की चाल, पालीवाल नगर, शीतल नगर, मनीषपुरी एक्स.. क्लासिक पालीवाल, गोयल विहार (फेज-1 एवं 2), रेलवे स्टेशन, देवी इंद्रा नगर, विनोबा नगर मेन रोड, शांति नगर नाले के पास, मुक्ति धाम क्षेत्र, ख़टीक मोहल्ला बड़ी ग्वालटोली, राम मंदिर क्षेत्र, गवली मोहल्ला नाले के किनारे, पलसीकर कॉलोनी, दुबे कॉलोनी, साधू नगर, जय श्री सिंडीकेट कॉलोनी, आदर्श नगर, जबरन कॉलोनी, मरीमाता का बगीचा, कमेला रोड, कुल्लू खा का बगीचा, प्रकाश का बगीचा, सिन्धी कॉलोनी, साधु वासवानी नगर, जाग्रति नगर जीवनदीप कॉलोनी, पंचशील, चितावद कांकड़, अभिनव नगर, पवन नगर, पवनपुरी कॉलोनी, शनि मंदिर, पालदा, त्रिवेणी कॉलोनी, जानकी नगर एक्सटेंशन, अभिलाष नगर, बाबूलाल नगर, कृष्णपुरी, पवन नगर, पवनपूरी, काली टंकी, दुर्गा नगर क्षेत्र में प्रभावित होगा। लीकेज सुधार कार्य किये जाने हेतु लाइन शटडाउन होने से सायंकाल में जलप्रदाय प्रभावित होने वाली टंकियों में अंबेडकर नगर, बजरंग नगर, वीणा नगर, शिव नगर, बर्फानीधाम की टंकी क्षेत्र में नल से पानी नहीं आएगा।

# कुली-वेंडरों के साथ जीआरपी ने की बैठक आयोजित



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से शासकीय रेलवे पुलिस इंदौर द्वारा 'पुलिस का सहयोग, कुली का सहारा, स्टेशन बने सुरक्षित हमारा' नामक कार्यक्रम के अंतर्गत जीआरपी थाना इंदौर में कुली एवं वेंडरों के साथ एक महत्वपूर्ण संवादात्मक बैठक आयोजित की गई। रेलवे एसपी पद्म विलोचन शुक्ल ने अध्यक्षता की और उन्होंने कुली और वेंडर से कहा कि आप रेलवे स्टेशन पर दिन-रात सक्रिय रहते हैं, स्टेशन की प्रत्येक गतिविधि से परिचित रहते हैं, पुलिस के सूचना तंत्र से आप लोग जुड़े रहें। संदिग्ध व्यक्ति और अन्य गतिविधि की जानकारी अगर रेलवे पुलिस को समय पर प्राप्त होगी तो होने वाले अपराध को रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से कुलियों एवं वेंडरों को पुलिस की 'आंख और कान' के रूप में जोड़ने की यह नई पहल प्रारंभ की गई है। इस दौरान पुलिस अधिकारी ज्योति शर्मा, रश्मि पाटीदार, हरिराम मीणा, बसंत नायर, स्टेशन के प्रशांत पारकर, सतीश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। ऑटो, टैक्सी चालक मांगीलाल यादव, पवन साहू, प्रदीप चौकसे को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया।

जीआरपी ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। यही कहा कि रेलवे परिसर में जीआरपी और कुली वेंडर के अलावा रेलवे प्रशासन के बीच आपसी विश्वास से मजबूती बनी रहेगी।



# अग्रश्री ग्रुप ने धार्मिक यात्रा में की प्रार्थना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रश्री कपल्स ग्रुप की पुरी, गंगा सागर एवं कोलकाता यात्रा आनन्द, उत्साह एवं जोश के साथ सम्पन्न हुई। ग्रुप की संस्थापक स्वाति-राजेश मंगल एवं अध्यक्ष शीतल-रवि अग्रवाल ने बताया कि ग्रुप के 51 सदस्यों ने विमान से भुवनेश्वर, वहां से सड़क मार्ग से कोणार्क सूर्य मंदिर एवं जगन्नाथपुरी पहुंचकर धर्मस्थलों के दिव्य दर्शन कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आनंद सहित पुण्यलाभ उठाया। इस धार्मिक यात्रा में प्रार्थनाएं भी की गई।

# अग्रवाल महासंघ द्वारा देशी खेलों की स्पर्धाएं

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विजय नगर अग्रवाल महासंघ ने देशी खेल पतंगोत्सव, गिल्ली डंडा, सितौलिया, दड़ीमार का आयोजन किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने भी शिरकत की। किशोर गोयल, दीपचंद अग्रवाल, नीरज गोयल, अजय अग्रवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, नीतेश बंसल, प्रीति-ऋषभ जैन, भावना-मनीष गर्ग, मेघा-विनय गुप्ता, आभा-नीरज गोयल, संध्या गर्ग, रुपाली सिंघल, शीतल अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, निर्मला सिंघल, बबिता अग्रवाल, स्वाति गुप्ता, साक्षी गोयल, संदीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मनीष गर्ग मौजूद थे।






# खजराना में ओलंपियाड का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खजराना एजुकेशनल एंड मल्टीपरपज सोसाइटी द्वारा ओलंपियाड का आयोजन पाँच दिनों तक चला जिसमे बॉयज़ एंड गर्ल्स जूनियर्स एंड सीनियर्स की कई प्रतियोगिता हुई थी। विजेताओं के सम्मान का आयोजन किया गया। नीट में क्वालीफाई छात्र व छात्राओं को भी मोमेंटो दिया गया। अशोक यादव, कैलाशचंद्र कौशल, अनिता चौहान, शबनम शेख, याकूब मेनन, इसहाक खाऩ, मुश्ताक खाऩ, इमरान नियाज़ी, सलमान हाशमी, अंसार पटेल, डॉ अनीस कुरैशी, मोमिन पटेल, तसलीमुद्दीन शेख, मुनव्वर हुसैन, इरफान शेख, रेहाना खाऩ, अंजुम शेख, जाहिदा कुरैशी, मौलाना अबू रेहान फ़ारुकी, मौलाना आरिफ, मौलाना सलमान, शकील अहमद, फ़ैज़ान अहमद विशेष रूप से मौजूद थे।

## कवि कुंभ में कल रचनाकारों की प्रस्तुति

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में कल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 35 से अधिक कवि और शायर सम्मिलित होकर रचनापाठ करेंगे। आयोजक जितेंद्र शिवहरे ने उक्त जानकारी दी।

## सर्वधर्म-सर्व जाति सम्मेलन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हंसदास मठ में कल सर्व-धर्म एवं सर्व-जाति विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन में 400 युवक-युवतियों का पंजीयन हुआ था। 14 जातियां और आदिवासी वर्ग के लोग भी शामिल हुए। कई रिश्तों पर बात भी शुरू हुई। कई राजनेता मौजूद रहे। दिलीप राजपाल, महेश गौहर, राहुल निहोरे, सूरज गौहर, बालकृष्ण करोसिया, शफी शेख, उषा वेद, संतोषदेवी गोसर, सीमा नरवाले, सलीम शेख, श्याम अजयपाल, राखी गौहर, रमेश गोमे, नितिन बैरवा, प्रकाश कुवाल मौजूद थे।



## भक्तों को पीताम्बर परिधान का वितरण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। साजन नगर नवलखा स्थित खाटू श्याम मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर जया एकादशी के उपलक्ष्य में सैकड़ों भक्तों को पीताम्बर परिधान बागा की भेंट दी गई। मंदिर पर श्रृंगार, 56 भोग, महाआरती एवं भजन संकीर्तन के बाद भक्तों को बागा का निशुल्क वितरण किया गया।

## गांधीजी पर व्याख्यान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। लोक संवाद-विचार मंच के तत्वावधान में सामाजिक सदभाव के लिए बलिदान विषय पर व्याख्यान के आयोजन में लेखक पत्रकार चन्द्रकांत झटाले ने माथुर सभागृह में व्याख्यान दिए। इस दौरान रामेश्वर गुप्ता, श्यामसुन्दर यादव, सुभाष रानाडे, अनिल त्रिवेदी, कैलाश लिम्बोदिया, ओपी जोशी, फादर लकारा, जीवन मंडलेचा, मिलिंद रावल, प्रकाश पाठक, लक्ष्मीनारायण पाठक मौजूद थे।




## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शुक्ला नगर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दूरदर्शन केन्द्र के पास स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में आए लोगों की जांच की गई। डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. संजय सिलावट ने सेवाएं दी।



## ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने किया करणी सेना पदाधिकारी का सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तमसिंह राठौर के स्वागत का आयोजन करणी सेना के ही अविनाश मिश्रा के नेतृत्व में किया।

## बंगाली फूड फेस्टीवल का लुत्फ शुरू

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बंगाली फूड फेस्टिवल का तीन दिवसीय आयोजन कल से शुरू हुआ, जो कल रविवार रात 10 बजे तक बंगाली क्लब नवलखा में जारी रहेगा। वेज और नॉनवेज के स्टॉल पर कल भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। खाने के स्टॉलों के अलावा अन्य स्टाल भी लगाए गए हैं। आयोजन से जयंतनाथ चौधुरी, दिबाकर चक्रबती, रविशंकर एस चौधरी, रवि नंदी, अपूर्व चौधरी, प्रदीप भद्र, हराधन डॉन, त्वरित मुकर्जी जुड़े हुए हैं।





## मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आयोजन

इंदौर ( सिटीय ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शैबाल कुमार मुखर्जी की पुण्यतिथि पर माथुर सभागृह में व्याख्यान का आयोजन किया। डॉ. निवेदिता पी. हरण, डॉ. बप्पादित्य मुखर्जी ने अपनी भूमिका निभाई।



# अन्नपूर्णा मन्दिर में दीपों से श्रृंगार दर्शन होंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अन्नपूर्णा मंदिर के स्थापना महोत्सव का कल सुबह मंत्रोच्चार, ध्वजा पूजन, मां का अभिषेक, सहस्त्रार्चन का आयोजन किया गया। सुबह के बाद कल शाम को हनुमत ढोल पथक दल के सदस्यों ने मंदिर परिसर में सामूहिक प्रस्तुति दी। तीनों देवियों के श्रद्धालुओं ने दर्शन भी किए। महाप्रसादी के पहले भट्टी पूजन भी किया गया। भजन गायक गन्नू महाराज ने प्रस्तुतियां भी दी। आज सुबह अभिषेक, सहस्त्रार्चन के बाद नवचंडी पाठ भी शुरू हुआ। आज शाम 6 बजे माँ को 56 भोग समर्पित किए जाएंगे तथा संध्या 6.30 बजे से समूचे मंदिर परिसर को असंख्य दीपों की रोशनी से श्रृंगारित किया जाएगा। शाम 7 बजे महाआरती होगी। शाम से रात तक महाप्रसादी का आयोजन भी है।

# श्री मेनारिया ब्राह्मण समाज चुनाव में 20 निर्विरोध

## एक उपाध्यक्ष पद पर होगा मतदान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



श्री मेनारिया ब्राह्मण समाज 52 श्रेणी में चुनाव प्रक्रिया की जा रही है। 21 पदों में से 20 पदों पर निर्विरोध प्रत्याशी विजयी घोषित हो चुके है। अब केवल एक उपाध्यक्ष पद पर मतदान 8 फरवरी को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रितेश ईनाणी चुनाव की प्रक्रिया पूरी करवाएंगे। अध्यक्ष जसराज मेहता, सचिव लोकेश मेहता, सहसचिव किशनलाल मेहता, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद मेहता, भवन मंत्री कन्हैयालाल जोशी, शिक्षा मंत्री सूरज जोशी, उत्सव मंत्री राजेश जोशी एवं कार्यकारिणी सदस्य के 13 पदों पर भीमलाल व्यास, निलेश मेहता, मांगीलाल जोशी, राधेश्याम जोशी, रमेश जोशी, रमेश पिता पृथ्वीराज जोशी, शंकरलाल वोरा, सुभाष मेनारिया, सुमित मेहता, उदय लाल जोशी, उदयलाल मेहता, उमाशंकर पुरोहित और योगेंद्र व्यास निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र मेनारिया और गणपत लाल मेहता के बीच चुनाव होगा।



# धार्मिक यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर के मध्य जिन्सी से 5 बसों में सवार होकर भगवान जगन्नाथ, कोणार्क के सूर्य मंदिर,अमरकंटक व रास्ते मे पड़ने वाले तीर्थ स्थल के दर्शन के लिए श्रद्धालु 9 दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हुए। ओमप्रकाश खत्री, विजय खुडिवाल,देवी लाल गांधी, मुन्नालाल बंझिया, पवन गांधी, सन्नी गांधी मौजूद थे।

# चिकित्सक हुए साइक्लोथॉन में शामिल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यूजीकान के आयोजन की शुरुआत सुपर कारिडोर पर हुई। चिकित्सकों का सम्मेलन के अन्तर्गत कारिडोर पर सैकडों चिकित्सक युवा रेजिडेंट्स के साथ साइक्लोथॉन में शामिल हुए। सफेद कोट की जगह स्पोर्ट्स गियर में ये विशेषज्ञ साइकिल चलाते हुए फिटनेस और एक्टिव लाइफस्टाइल का संदेश दे रहे थे। साइक्लोथॉन के बाद ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर के हॉल में चिकित्सा विज्ञान का हाईटेक चेहरा नजर आया। 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी और देश के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट्स ने दिनभर रोबोटिक, लेजर और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की नई तकनीकों का प्रदर्शन किया। डॉ. नितीश पाटीदार ने बताया, '70 से ज्यादा इंटरनेशनल फैकल्टी और इतने बड़े स्तर की लाइव सर्जरी इंदौर में होना हमारे लिए गर्व की बात है। यह आयोजन शहर की क्षमता, इंफ्रास्ट्रक्चर और मेडिकल एक्सीलेंस को दुनिया के सामने दिखा रहा है। इससे मेडिकल टूरिज्म को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा।' डॉ. रवि नागर ने कहा 'हमने हर सत्र को प्रैक्टिकल बनाया है ताकि डॉक्टर सिर्फ सुनें नहीं, बल्कि देखकर और समझकर सीखें। यहां सीखी गई तकनीकें छोटे शहरों और गांवों तक बेहतर इलाज पहुंचाने में मदद करेंगी।



# रोजगार मेला लगेगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिले में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आगामी 2 फरवरी को रोजगार मेला का आयोजन शासकीय महाविद्यालय गुरुकुल परिसर रंगवासा रोड राऊ में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। 500 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।



# पुरोहित परिवार द्वारा भागवत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्टॉफ क्वाटर परिसर पाटनीपुरा में पुरोहित परिवार द्वारा धर्मेन्द्र त्रिवेदी के श्रीमुख से भागवत कथा का आयोजन किया गया। संदेश पुरोहित, रीना पुरोहित, परियंत पुरोहित, वैदिक पुरोहित, डॉ. अमित सिसोदिया, अस्तित्व शर्मा, अशोक चौरसिया, ऐश्वर्य शास्त्री, राजपालसिंह सिसोदिया, शिल्पा जैन, वरुण जैन, सोनाली सोनी, डॉ. समीर खान, जितेंद्र सिंह तोमर, अनुराग शर्मा, नानूराम मंडावर, सोनम जैन, आशीष मूंदड़ा, हंसराज शर्मा, बनवारीलाल लोवंशी, उत्कर्ष अग्रवाल, कुंती लवंशी, सलमान अंसारी, संतोष महाजन, भारती जायसवाल, चंपालाल परिहार, संदीप नागवंशी, खुशबु बोरसी, पूजा गोंगडे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



# जीएसटी आयुक्त से अहिल्या चेम्बर्स का प्रतिनिधिमंडल मिला

## हर माह होगी सुनवाई बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स इंड्स्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल जीएसटी आयुक्त अनय द्विवेदी से मिला। बैठक में व्यवसायिक संगठनों के साथ विभागीय स्तर पर सतत समन्वय, सहज संवाद और सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने पर सहमति बनी। इस दिशा में निर्णय लिया गया कि हर माह एक बार व्यवसायिक समस्याओं की सुनवाई के लिए नियमित बैठक आयोजित की जाएगी। रमेश खंडेलवाल, अश्विन लखोटिया, अक्षय जैन, ए.के. गौर, गोपाल अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अक्षय जैन, प्रेम माहेश्वरी, नरेंद्र बाफना, इशाक चौधरी, राजेश बाहेती, मनीष निगम, परमानंद वालेचा मौजूद थे।

# प्लाज़्मा सिमुलेशन का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कृत्रिम सूर्य (फ्यूज़न ऊर्जा), सेमीकंडक्टर चिप निर्माण और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में प्लाज्मा की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसी विषय को लेकर आईपीएस अकादमी के सेंटर फॉर साइंटिफिक एंड एप्लाइड रिसर्च आईपीएसए-सीएसएआर इंदौर तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में



'5वां कॉन्फ्रेंस ऑन प्लाज्मा सिमुलेशन का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक और शोधकर्ता प्लाज्मा भौतिकी, उन्नत कंप्यूटेशन तकनीकों और उनके व्यावहारिक उपयोगों पर अपने शोध प्रस्तुत कर रहे हैं।

# भारत रक्षा मंच की संगठनात्मक बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारत रक्षा मंच, इंदौर विभाग की संगठनात्मक बैठक आर्य समाज मंदिर, एम.जी. रोड पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मार्गदर्शक श्री गुरुजी सूर्यकांत केलकर का प्रेरणादायी संदेश भी पढ़कर उपस्थितजनों को सुनाया और कई मुद्दों पर चर्चा की गई। डॉ. अजय शुक्ला, सूर्यकांत केलकर, एचपी तिवारी, नीता प्रदान, शैलेन्द्र सेठ, श्री सोलंकी, श्री बिजवे मौजूद थे।





# ज्योतिष शर्मा का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारद्वाज ज्योतिष एवं आध्यात्मिक शोध संस्थान के संस्थापक नानूराम शर्मा के जन्मशती उपलक्ष्य में महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती के सम्मान का आयोजन किया गया। रामचंद्र शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, प्रशांत अग्निहोत्री, स्वामी विशोकानंद भारती, पवन शर्मा, विनोद सिंघल, अभिषेक दाधीच, हितेश शास्त्री, सोमेन्द्र शर्मा, आशुतोष टक्कर मौजूद थे।

# मुख्य अभियंताओं को दी विदाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान इत्यादि की मौजूदगी में मुख्य अभियंता इंदौर क्षेत्र के रूप में पदस्थ कामेश श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता सिविल गिरीश व्यास, उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम अध्यक्ष कमल के. कट्ठर को सेवानिवृत्त होने पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। संचालन सोनाली निरगुड़े मालाकार ने किया।



# सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं आलिया भट्ट

**आलिया** भट्ट ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि वे अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं। उन्होंने इस दौरान मदरहुड को लेकर भी बात की। आलिया भट्ट बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्होंने अपने अब तक के करियर में कई शानदार फिल्में दी हैं और अपनी एक्टिंग का लोहा भी मनवाया है। आलिया की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने रणबीर कपूर से शादी की है और वे एक बेटी राहा की मां हैं। इन सबके बीच एक्ट्रेस ने हाल ही में मदरहुड को लेकर बात की साथ ही ये भी कहा कि वे अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं।

## मदरहुड ने आलिया को कैसे बदल दिया?

दरअसल हाल ही में एस्क्वायर इंडिया के साथ एक बातचीत में, आलिया भट्ट से पूछा गया था कि मदरहुड ने उन्हें कैसे बदल दिया है? इस पर आलिया भट्ट ने कहा, 'यह एक बहुत बड़ा बदलाव है। यह नौ महीनों में होता है। आप अपनी बॉडी और अपने माइंडसेट बदलाव महसूस करते हैं। लेकिन जब आप अपने मेड किए हुए चाइल्ड को लाइफ में आते हुए देखते हैं, तो उस चेंज का स्केल इतना गहरा होता है कि पहले जैसा बनना लगभग नामुमकिन हो जाता है।' उसी बातचीत में उन्होंने आगे कहा, 'कई बार ऐसा होता है जब मैं सुबह उठती हूं और सोचती हूं, ठीक है, मैं बस अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर देना चाहती हूं और एक ऐसी एक्ट्रेस बनना चाहती हूं जो सिर्फ एक्टिंग करे। मैं इस चर्चा में बार-बार उलझना नहीं चाहतीष्ठ मुझे पता है कि इससे उन सभी लोगों से मेरा कॉन्टेक्ट टूट जाएगा जिन्होंने शुरुआत से ही मेरा साथ दिया है, इसलिए मैं ऐसा चाहकर भी नहीं कर सकती हूं।'

उन्होंने आगे कहा, 'जब बात पर्सनल लाइफ को सबके सामने लाने की आती हैष्ठ मेरी पर्सनल लाइफ इतनी पर्सनल है कि मुझे थोड़ा मुश्किल लगता है।' उन्होंने आगे बताया, 'मेरी फोटो एल्बम राहा की तस्वीरों से भरी पड़ी है। मुझे अपनी तस्वीरें क्लिक कराने के लिए भी काफी मेहनत करनी पड़ती है।'

## आलिया भट्ट वर्क फ्रंट

इस बीच, आलिया के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे अपनी बहन शाहीन भट्ट और अपने प्रोडक्शन बैनर के जरिये प्राइम वीडियो के साथ मिलकर एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'डोंट बी शाय' का निर्माण करने जा रही हैं। 'डोंट बी शाय' श्यामली 'शाय' दास की कहानी है, जो 20 साल की है और सोचती है कि उसकी ज़िंदगी पूरी तरह से मैनेज है, लेकिन तभी उसकी परफेक्टली प्लान्ड लाइफ में एक अनएक्सपेक्टेड मोड़ आता है और हालात उसके कंट्रोल से बाहर होने लगते हैं। वहीं एक्टिंग फ्रंट पर, आलिया भट्ट संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी हैं। इसके अलावा, वह यश राज फिल्म्स की 'अल्फा' में शरवरी और बॉबी देओल के साथ भी काम कर रही हैं।



# भारती सिंह ने पति हर्ष को खास अंदाज में किया बर्थडे विश

**कॉमेडियन** भारती सिंह ने हाल ही में अपने पति हर्ष लिंबाचिया को खास अंदाज में बर्थडे विश किया। साथ ही उन्होंने प्यार भरा कैप्शन भी लिखा है। कॉमेडियन भारती सिंह हमेशा सुर्खियों में रहती हैं और सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पति हर्ष लिंबाचिया को खास अंदाज में बर्थडे विश करते हुए सोशल मीडिया पर एक प्यार भरा पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में दोनों की रोमांटिक फोटोज के साथ ही एक प्यार भरा मैसेज भी है। फैंस को भी भारती की ये पोस्ट बेहद पसंद आ रही है।

कॉमेडियन और स्क्रिप्ट राइटर हर्ष लिंबाचिया आज यानी 30 जनवरी को अपना 39वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस खास मौके पर भारती सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा और रोमांटिक पोस्ट शेयर किया, जिसमें दोनों की खूबसूरत तस्वीरें नजर आ रही हैं। पोस्ट को शेयर करते हुए भारती ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे सबकुछ, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं हर्ष लिंबाचिया, हैपी बर्थडे'। उनका ये पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और फैंस भी इसे काफी पसंद कर रहे हैं।

## कहां हुई थी भारती और हर्ष की पहली मुलाकात?



बता दें, भारती और हर्ष की लव स्टोरी भी कमाल है। दोनों कॉमेडी सर्कस के सेट पर मिले थे, तब भारती हैवी वेट हुआ करती थीं और लोग उनको मोटी-मोटी कहकर मजाक उड़ाते थे। भारती शो में कंटेस्टेंट थीं और हर्ष स्क्रिप्ट राइटर, पहली मुलाकात में ही दोनों के बीच कुछ कनेक्शन बन गया। इसी शो के दौरान हर्ष भारती को पसंद करने लगे और 1 साल साथ काम करने के बाद हर्ष ने एक दिन भारती को प्रपोज कर दिया। पहले तो भारती नहीं मानी और अपने वजन को लेकर भी हर्ष को मना किया लेकिन फिर दोनों की लव स्टोरी ट्रैक पर आ गई। 7 साल रिलेशन में रहने के बाद हर्ष और भारती ने मई 2017 में गुपचुप सगाई कर ली थी। फिर 3 दिसंबर 2017 को एक ग्रैंड वेडिंग की। आज ये कपल दो बच्चों के पेरेंट्स बन चुके हैं। उनके पहले बेटे का नाम लक्ष्य (गोला) है, जिसका जन्म अप्रैल 2022 में हुआ था। वहीं 19 दिसंबर 2025 को उन्होंने दूसरे बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने यशवीर रखा है और प्यार से 'काजू' कहकर बुलाते हैं।

# अक्षय कुमार ने 10 साल तक छोटे पर्दे से क्यों बनाई दूरी



अक्षय कुमार करीब दस साल बाद टीवी पर वापसी कर रहे हैं और सोनी टीवी के रियलिटी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' को होस्ट कर रहे हैं। उन्होंने टीवी की बदलती दुनिया पर खुलकर बात की। करीब एक दशक के लंबे इंतजार के बाद अक्षय कुमार एक बार फिर छोटे पर्दे पर लौट आए हैं। इस बार वो सोनी टीवी के नए रियलिटी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के साथ लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। 27 जनवरी से ऑन-एयर हुए इस शो के जरिए अक्षय न सिर्फ होस्टिंग में कमबैक कर रहे हैं बल्कि अपने करियर और जिंदगी के अनुभव भी खुलकर शेयर कर रहे हैं। अक्षय कुमार करीब एक दशक बाद छोटे पर्दे पर लौट आए हैं। इस बार वो सोनी टीवी के नए रियलिटी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' को होस्ट कर रहे हैं। शो 27 जनवरी से टीवी पर आ चुका है। शो की शुरुआत के बाद अक्षय ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी जर्नी और करियर को लेकर खुलकर बात की है।

टीवी हमेशा से अक्षय कुमार के करियर का अहम हिस्सा रहा है। साल 2004 में उन्होंने 'सेवन डेडली आर्ट्स विद अक्षय कुमार' होस्ट किया था। इसके बाद 2008 से 2011 तक वो 'फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी' के होस्ट रहे। बाद में उन्होंने 'मास्टरशेफ इंडिया' को जज किया, 'डेयर 2 डांस' में मेंटर बने और 2017 में 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज' में जज के तौर पर नजर आए। अब करीब दस साल बाद अक्षय ने 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के जरिए फुल-टाइम होस्टिंग में वापसी की है। लंबे समय बाद टीवी पर लौटने की वजह बताते हुए उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में कहा कि वो कुछ ऐसा करना चाहते थे जो सच्चा लगे और खुशी दे।

# बॉर्डर 2 की दहाड़ से 8वें दिन भी शानदार रहा कलेक्शन

सनी देओल स्टारर और अनुराग सिंह निर्देशित 'बॉर्डर 2' में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी ने भी अहम रोल प्ले किया है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर गर्दा काट रही है। इसने न केवल अच्छी शुरुआत की थी बाल्कि ओपनिंग वीकेंड के दौरान लगातार ग्रोथ दिखाई और इसे फिर गणतंत्र दिवस की छुट्टी का भी फायदा मिला।

हालांकि, उसके बाद के दिनों में इसके कलेक्शन में तेज़ी से गिरावट भी आई बावजूद इसके 'बॉर्डर 2' ने पहले हफ्ते में ही 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। वहीं अब रिलीज के 8वे दिन इसे रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' से मुकाबला करना पड़ रहा है चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने 8वें दिन कितनी कमाई की है?

'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर दमदार परफॉर्म कर रही है। 30 करोड़ की ज़बरदस्त ओपनिंग के बाद इस फिल्म के पहले हफ्ते का कलेक्शन 224.25 करोड़ रुपये रहा। वहीं अपने पहले हफ्ते में धुआंधार नोट छापने के बाद अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में एंट्री कर गई है और दूसरे फ्राइडे इसके कलेक्शन में गिरावट भी देखी जा रही है।



सैकनिल्क के अर्ली ट्रेंड आंकडोंके मुताबिक 'बॉर्डर 2' ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को 11 करोड़ कमाए हैं। इसी के साथ 'बॉर्डर 2' की 8 दिनों की कुल कमाई अब 235.25 करोड़ रुपये हो गई है। 'बॉर्डर 2' की कमाई में वीकडेज होने के चलते काफी गिरावट देखी जा रही है। हालांकि ये फिल्म लगातार तमाम फिल्मों के रिकॉर्ड भी ध्वस्त करती जा रही है। वहीं दूसरे फ्राइडे 'बॉर्डर 2' ने 10.33 करोड़ की कमाई कर, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा के 10.25 करोड़, तानाजी द अनसंग वॉरियर के 10.01 करोड़, पदमावत के 10 करोड़ धूम 3 के 9.7 करोड़ और कल्कि 2898 एडी के 9.4 करोड़ के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया हैय

'बॉर्डर 2' को रिलीज हुए 8 दिन हो चुके हैं और इस दौरान इस फिल्म ने 235.25 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। अब ये फिल्म 250 करोड़ी बनने की ओर तेजी से बढ़ रही है। उमीद है कि दूसरे शनिवार को फिल्म की कमाई में तेजी आएगी और ये इस मील के पत्थर को पार कर लेगी।

## संपादकीय

### गरीब ज्यादा खर्च कर रहे हैं, लेकिन क्या सच में गरीबी कम हुई है? आर्थिक समीक्षा के दावों पर उठते असहज सवाल

आर्थिक समीक्षा में गरीब तबके के बढ़ते उपभोग व्यय को गरीबी घटने का संकेत बताया गया है। लेकिन क्या खर्च बढ़ना वास्तव में आय बढ़ने का प्रमाण है? देश में सबसे निचले तबके की पांच से दस फीसद आबादी के उपभोग व्यय में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यानी इस वर्ग के लोग अपनी जरूरत के लिए विभिन्न वस्तुओं की खरीद पर अब ज्यादा खर्च करने लगे हैं। यह इस बात का संकेत है कि गरीबों की माली हालत में सुधार हुआ है। संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा रपट में गरीबी का दायरा कम होने की यह तस्वीर उकेरी गई है। इसमें कहा गया है कि सरकार के सबसिडी, पेंशन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा पर सार्वजनिक व्यय को प्राथमिकता जैसे कदमों के परिणामस्वरूप कमजोर वर्ग अभाव से उबरे हैं। यह सही है कि पिछले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तस्वीर बदली है। मगर सवाल है कि गरीबी से उबरने का आकलन करने के पैमाने क्या हैं? क्या इस प्रक्रिया में सिर्फ वस्तुओं की खरीद पर खर्च बढ़ने को आधार बनाना काफी है? समीक्षा में आंकड़ों के आधार पर कहा गया है कि देश में उपभोग असमानता में कमी आई है, मगर क्या वास्तव में इसे गरीबी कम होने का सूचक माना जा सकता है? आर्थिक समीक्षा रपट के अनुसार, वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच समाज के सबसे निचले वर्ग के प्रति व्यक्ति औसत मासिक व्यय में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में देखी गई है। तर्क दिया गया है कि सरकारी नीतियों का आय वितरण पर महत्त्वपूर्ण असर हुआ है, जिससे गरीब तबके की खर्च करने की क्षमता बढ़ी है। मगर इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि जिसे 'व्यय की क्षमता' बढ़ने के रूप में देखा जा रहा है, उसका आधार क्या है। इसमें दोराय नहीं कि सामान्य तौर पर किसी भी परिवार के खर्च करने की क्षमता में तभी इजाफा होता है, जब उसकी आमदनी में बढ़ोतरी होती है। इसके बिना अगर गरीब परिवारों का वस्तुओं की खरीद पर व्यय बढ़ रहा है, तो यह महंगाई और मजबूरी से उपजी परिस्थितियों का नतीजा भी हो सकता है। जाहिर है, जैसे-जैसे महंगाई बढ़ती है, वैसे-वैसे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर हर किसी को ज्यादा खर्च करना पड़ता है। आमदनी बेहद कम होने और किसी वस्तु की अत्यधिक जरूरत पड़ने पर गरीब परिवार बैंक या साहूकार से कर्ज लेकर भी खर्च करते हैं। इस सूरत में ऐसे परिवारों के व्यय में बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है, पर क्या इसे यह मान लिया जाए कि वे गरीबी से उबर गए हैं! यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि क्या सरकार की ओर से आवश्यक वस्तुओं की खरीद पर सबसिडी या मुफ्त राशन देने से गरीबी कम हो जाती है।

# बेटी को साथ ले जाने की बात पर उपजा विवाद

### पत्नी ने भाइयों के साथ मिलकर पति पर किया हमला

इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति जब अपनी बेटी को लेकर घर पहुँचा, तो उसकी पत्नी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर पति के घर पर धावा बोल दिया। विवाद के दौरान आरोपियों ने फरियादी के पिता के हाथ से डंडा छीनकर फरियादी के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

राजेंद्र नगर पुलिस ने मोहन पिता सत्यनारायण यादव निवासी राजा रानी नगर की शिकायत पर उसकी पत्नी सुनाली, साले दीपक और दुर्गेश निवासी अमर पैलेस के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था, जिसके कारण वह अपने मायके अमर पैलेस कॉलोनी में रह रही थी। शुक्रवार को पत्नी अपनी बेटी के साथ माणिक बाग चौराहे पर खड़ी थी, जहाँ फरियादी अपनी बेटी से मिलने के लिए रुक गया। इस दौरान पत्नी ने खुद ही फरियादी से कहा कि वह बेटी को अपने साथ ले जाए। पत्नी की बात मानकर फरियादी अपनी बेटी को लेकर अपने घर राजरानी कॉलोनी आ गया।फरियादी मोहन के घर पहुँचने के कुछ ही देर बाद पत्नी सुनाली अपने भाई दीपक और दुर्गेश झरने के साथ वहाँ पहुँच गई। आरोपियों ने घर के सामने खड़े होकर बच्ची को ले जाने की बात पर फरियादी को गालियां देना शुरू कर दिया। जब फरियादी और उसके पिता सत्यनारायण यादव घर से बाहर आए, तो आरोपी दीपक ने फरियादी के पिता के हाथ से डंडा छीन लिया और फरियादी के सिर पर दे मारा। हमले में उसका का सिर फट गया और खून निकलने लगा।शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

## दिनदहाड़े कार चोरी

इंदौर। गांधीनगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े कार चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाश फरियादी की कार चुराकर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय फरियादी भानुदास बैष्णव पिता महेशदास बैष्णव निवासी ग्राम उमरिया चौबे, तहसील पनागर, जिला जबलपुर ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी की कार नम्बर एमपी 20 जेडई 9997 को कल सुबह करीब 9.30 से 11.30 बजे के बीच 20 परशुराम मार्ग, गांधीनगर इंदौर के बाहर से अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

## पटवारी के जाते ही भड़का संपत्ति का विवाद

### पड़ोसियों ने परिवार पर डंडों से किया हमला, महिला सहित चार लोग घायल

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र के टिगरिया बादशाह इलाके में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। जांच के लिए आए अधिकारियों के जाते ही आरोपियों ने पड़ोसी परिवार पर डंडों से हमला बोल दिया। इस हमले में एक ही परिवार के चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो को सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, फरियादी रेखा पति रवि बामनिया (46) का उनके घर के पीछे रहने वाले तेजराम और उसके बेटों के साथ जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। इसी विवाद के सिलसिले में शुक्रवार को पटवारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी जांच के लिए मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने अपनी जांच पूरी की और वहां से रवाना हो गए। उनके जाते ही आरोपी तेजराम, उसके बेटे मनोज और जितेंद्र ने रेखा को घेर लिया और गालियां देते हुए थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। रेखा को पिटता देख जब उनका बेटा अभिषेक, पति रवि बामनिया और भतीजा गोकुल बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रवि और अभिषेक के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिससे वे लहूलुहान हो गए। वहीं भतीजे गोकुल के हाथ और कंधे में चोटें आई हैं। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। बाणगंगा पुलिस ने फरियादी रेखा की शिकायत पर आरोपी तेजराम, मनोज और जितेंद्र के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

## बकाया बिल वसूली के लिए गई बिजली विभाग की टीम पर हमला

### महिला कर्मचारी को जड़ा थप्पड़, तीन पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भंवरकुआं थाना क्षेत्र के पालदा इलाके में बकाया बिजली बिल की वसूली करने गई टीम के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। जब टीम ने बिल न भरने पर घर का कनेक्शन काटना चाहा, तो आरोपी परिवार ने हंगामा करते हुए महिला कर्मचारी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, घटना 22 जनवरी की दोपहर करीब 1:30 बजे संजय गांधी नगर की है। बिजली विभाग के सहायक यंत्री अनिल केसरवानी ने पुलिस को बताया कि उनकी टीम बकाया बिल राशि के भुगतान के संबंध में बातचीत करने पालदा क्षेत्र गई थी। जब कर्मचारियों ने आरोपी परिवार से बकाया राशि जमा करने को कहा, तो वे भड़क गए और गालियां देने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने टीम के साथ झूमाझटकी शुरू कर दी।शिकायत के मुताबिक, जब विभाग के कर्मचारी नियम के अनुसार घर का बिजली कनेक्शन काटने लगे, तो आरोपी पूजा वर्मा ने ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी प्रीति मिश्रा के साथ मारपीट करते हुए उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान अन्य आरोपियों ने टीम को धमकाते हुए कहा कि यदि दोबारा बिल वसूली के लिए इस इलाके में आए, तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने सहायक यंत्री की शिकायत पर आरोपी पूजा पति सुनील वर्मा, अनिल पिता शंकरलाल वर्मा और लक्ष्मीबाई पति विजेंद्र वर्मा के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और धमकी देने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

## व्हाट्सऐप लिंक से ऐप डाउनलोड कराया और ठग लिए 6 लाख रुपए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर में साइबर ठगों ने एक बार फिर अधिक मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति को अपना शिकार बनाया है। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में व्हाट्सऐप पर एक संदिग्ध लिंक भेजकर मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराया गया और निवेश के नाम पर फरियादी से करीब 5 लाख 90 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई। पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी सचिन कुमार पिता प्रकाश भंडारी निवासी शिवगोरी रेसिडेंसी, गमलेवाली पुलिया के पास एक अज्ञात मोबाइल नंबर से व्हाट्सऐप पर एक लिंक आया था। ठगों ने उन्हें बातों में फंसाकर उस लिंक के माध्यम से मोबाइल में 'सीबी' नामक एक मोबाइल ऐप डाउनलोड करवाया। इसके बाद उन्हें कम समय में अधिक पैसा कमाने और निवेश पर भारी लाभ दिलाने का झांसा दिया गया।ऐप डाउनलोड होने के बाद, आरोपियों ने फरियादी को अपने विश्वास में लिया और अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 5 लाख 90 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। जब फरियादी ने अपना पैसा वापस निकालने की कोशिश की या मुनाफे की मांग की, तो उन्हें और पैसों की मांग की जाने लगी। तब जाकर उन्हें एहसास हुआ कि वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो चुके हैं।धोखाधड़ी का पता चलते ही फरियादी ने तुरंत पुलिस और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की डिटेल खंगाल रही है, जिनका उपयोग इस ठगी में किया गया है।

## लिंक्डइन पर नौकरी का झांसा देकर युवकों से हजारों की ठगी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट ) ।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन के जरिए विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवकों से रकम वसूलने का मामला सामने आया है।भंवरकुआं पुलिस ने शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी ब्रजपाल सिंह भदोरिया पिता शिवमोहन सिंह भदोरिया निवासी भिंड जिला भिंड ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि सितंबर 2025 में लिंक्डइन के माध्यम से उसकी पहचान अजय कुमार पटेल नाम के व्यक्ति से हुई थी। उक्त व्यक्ति ने खुद को वोडाफोन यूके में कस्टमर सपोर्ट के लिए भर्ती से जुड़ा बताते हुए नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने आवेदन प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर 25 हजार रुपये किस्तों में मांगें। फरियादी ने विश्वास में आकर तीन किस्तों में 14 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भर्ती प्रक्रिया बीच में ही रुक गई। पूछताछ करने पर आरोपी ने कभी पारिवारिक समस्या तो कभी अन्य कारण बताते हुए समय मांगा। कुछ समय बाद आरोपी ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि फिलहाल वोडाफोन में कोई भर्ती नहीं चल रही है। जब फरियादी सहित अन्य आवेदकों ने अपनी जमा राशि वापस मांगी तो आरोपी ने रिफंड करने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक रकम वापस नहीं की गई। फरियादी ने यह भी बताया कि उसके अलावा कई अन्य लोग भी इसी तरह नौकरी का इंतजार करते रहे और उनसे भी रकम ली गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भंवरकुआं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# खाते में पैसे आने का मैसेज देख जैसे ही खोला बैंक ऐप, उड़ गए सवा 4 लाख रुपए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** जूनी इंदौर इलाके में एक युवक के पास पहले खाते में पैसे जमा होने का फर्जी मैसेज आया और जैसे ही उसने असलियत जानने के लिए अपना बैंक ऐप लॉगिन किया, उसके खाते से करीब सवा 4 लाख रुपये पार हो गए। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, ठगी की यह अनोखी वारदात त्रिवेणी कॉलोनी एक्सटेंशन के रहने वाले मोहनिश पिता हरीश थीरवानी के साथ 26 जनवरी की रात को हुई। मोहनिश ने पुलिस को बताया कि रात करीब 9:30 बजे उनके मोबाइल पर एक टेक्स्ट मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि उनके बैंक खाते में 86,500 रुपये जमा हुए हैं। अचानक इतनी बड़ी राशि आने पर मोहनिश यह चेक करने के लिए उत्सुक हुए कि यह पैसा किसने भेजा है।सच्चाई का पता लगाने के लिए मोहनिश ने जैसे ही अपने मोबाइल में बैंक का आधिकारिक ऐप ओपन कर लॉगिन किया, वैसे ही खेल शुरू हो गया। सबसे पहले तो वही 86,500 रुपये वापस डेबिट हुए जो जमा होने का मैसेज आया था। उसके तुरंत बाद, उनके खाते से अलग-अलग यूपीआई ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 4,33,368 रुपये अज्ञात खातों में ट्रांसफर हो गए। पीड़ित जब तक कुछ समझ पाते या बैंक को सूचना देते, उनका खाता लगभग खाली हो चुका था।साइबर एक्सपर्ट्स का मानना है कि ठगों ने संभवतः कोई ऐसा मालवेयर या लिंक भेजा होगा जिससे यूजर के ऐप लॉगिन करते ही उन्हें आईडी-पासवर्ड का एक्सेस मिल गया। जूनी इंदौर पुलिस ने मोहनिश की शिकायत पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस उन यूपीआई आईडी और बैंक खातों को ट्रेस कर रही है जिनमें यह बड़ी रकम ट्रांसफर हुई है।

# आज शाम से गुलाब मेला कल रविवार को रहेगी भीड़

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मालवा रोज सोसायटी द्वारा गांधी हाल में गुलाब मेला का आयोजन की शुरुआत आज शाम 4 बजे से होगी। गुलाब मेले के पहले आज सुबह स्कूली बच्चों के लिए गुलाब पर केन्द्रित चित्रकला स्पर्धा का आयोजन भी किया गया। आज से गुलाब, गमले और उर्वरक मिलना भी शुरू हो गए है। गुलाब मेला में कल सुबह से गुलदावदी, रजनीगंधा,कारनेशन, डहेलिया,पिंक, पिटूनिया, साल्विया, जेरेनियम सहित अनेक खुशबूदार फूलों की यह महफ़िल मेले में नजर आएगी। सुबह चित्रकला के अलावा शहर एवं आसपास के गुलाब के 24 बगीचों के बीच भी स्पर्धा शुरू हो गई है।

# महू में अड़ीबाजी के बाद बेकरी पर हवाई फायर

## दुकानदार को धमकाकर बदमाश फरार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** महू के गुजरखेड़ा क्षेत्र में बीती रात एक बेकरी संचालक से मुफ्त में सामान मांगने और अड़ीबाजी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पैसे मांगने पर अड़े दुकानदार को डराने के लिए बदमाश ने अपनी पिस्टल से हवाई फायर कर दिया और दुकान चलाने के बदले मुफ्त सामान व रुपयों की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए तलाश तेज कर दी है।

महू पुलिस के मुताबिक अड़ीबाजी की यह वारदात शुक्रवार रात करीब 11 बजे गुजरखेड़ा स्थित 'पटेल बेकरी' पर हुई। बेकरी संचालक चंद्रपाल पिता मूलचंद पाल ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी धीरज यादव उनकी दुकान पर आया और सामान लेने के बाद बिना पैसे दिए जाने लगा। जब चंद्रपाल ने अपने सामान के पैसे मांगे, तो आरोपी विवाद करने लगा और गाली-गलौज पर उतर आया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने अचानक अपनी कमर से पिस्टल निकाली और दहशत फैलाने के लिए हवा में गोली चला दी। आरोपी ने दुकानदार को धमकाते हुए कहा कि यदि उसे इलाके में दुकान चलानी है, तो उसे मुफ्त में सामान देना होगा और साथ ही रुपयों का इंतजाम भी करना पड़ेगा।?वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी धीरज यादव मौके से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोग सहम गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल शर्मा पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले हैं, जिनमें आरोपी की गतिविधियां कैद हुई हैं। महू पुलिस ने आरोपी धीरज यादव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# समाधान योजना के तहत सौ फीसदी सरचार्ज माफी का आज अंतिम दिन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राज्य शासन ऊर्जा विभाग की बकाया बिजली उपभोक्ताओं के लिए लागू समाधान योजना में तीन माह से पुराने बकाया बिल होने पर एक मुश्त मूल बकाया राशि जमा करने पर सरचार्ज माफी सौ फीसदी तक दी जा रही है, इस सौ प्रतिशत सरचार्ज माफी की अंतिम तिथि आज 31 जनवरी है।

उपभोक्ता मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 434 जोन, वितरण केंद्र या ऑन लाइन विकल्प के रूप में कंपनी के पोर्टल स्ँ.म्द.ग्ह पर जाकर लाभ लेकर सौ फीसदी सरचार्ज माफी करा सकते है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि अब तक लगभग पांच लाख 60 हजार उपभोक्ताओं ने समाधान योजना में पंजीयन कराकर छूट लाभ लिया है। इन उपभोक्ताओं को 23 करोड़ की रियायत दी गई है, वहीं कंपनी को करीब 139 करोड़ रूपए का राजस्व मिला है। समाधान योजना में अब तक इंदौर जिले के 64 हजार उपभोक्ता, रतलाम जिले में 58 हजार उपभोक्ता , उज्जैन जिले में 56500 उपभोक्ता, खरगोन जिले में 53 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। अन्य जिलों में लाभान्वित हुए उपभोक्ताओं की संख्या 17 हजार से 45 हजार के बीच हैं। इसके बाद फरवरी में सरचार्ज माफी की राशि कम हो जाएगी।

## संभागायुक्त कार्यालय में शहीद दिवस मनाया गया

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संभागायुक्त कार्यालय में शहीद दिवस मनाया गया। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस. रणदा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। संभागायुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचरियों ने सामूहिक दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## जिला बाल श्रम टास्क फोर्स समिति की बैठक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कल कलेक्टर कार्यालय में बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के अन्तर्गत जिला बाल श्रम टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की। नवजीवन पंवार ने अध्यक्षता की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## युवक को चाकू मारा

**इंदौर।** अन्नपूर्णा क्षेत्र में आरोपियों ने एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना गत रात 8 बजे द्रविड नगर में पराग बेकरी के पास हुई। घायल का नाम मोनू पिता सत्यनारायण शर्मा निवासी द्रविड नगर हैं। पुलिस ने आरोपी छोटू व उसके एक साथी पर केस दर्ज किया है। आरोपियों ने हमले के बाद जान से मारने की धमकी दी और भाग गए।

## फ्लैट में लगी आग कोई जनहानि नहीं

**इंदौर।** बिचौली मर्दाना क्षेत्र में कल रात एक अपार्टमेंट के फ्लैट में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने 3 हजार लीटर पानी की मदद से आग बुझा ली। फायर ब्रिगेड के मुताबिक देर रात रात बिचौली मर्दाना स्थित श्याम हाइट्स में हर्ष पाटिल के फ्लैट में आग लग गई। आग लगते ही परिवार सुरक्षित बाहर निकल आया था। टीम ने आग पर काबू पा लिया। आग में अलमारी और अन्य घरेलु सामान जल गया।

## अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा, मौत

**इंदौर।** मल्हारगंज क्षेत्र में अज्ञात वाहन के चालक ने एक युवक को रौंद दिया। उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से भाग गया। पुलिस के मुताबिक हादसा कल रात मल्हारगंज थाना क्षेत्र के जिंसी हाट मैदान पर हुआ। मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा हैं। बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे में था। पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास और आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है।

# देव व आदित्य उलटफेर कर बालक एकल के फाइनल में

**इंदौर।** मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित व यलो डायमंड द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ जे-60 ग्रेड-4 टेनिस चैंपियनशिप के बालक एकल के सेमीफाइनल में बड़े उलटफेर हुए और अब खिताबी मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त भारत के देव विपुल पटेल और चौथी वरीयता प्राप्त आदित्य मोर के मध्य होगा। वहीं बालिका एकल में दोनों शीर्ष वरीयता खिलाड़ी डेनमार्क की कैरोलिन हार्मंस, ग्रेट ब्रिटेन की डेविस कापानिक ने अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए फाइनल में पहुंची। फाइनल मुकाबले आज दोपहर 2.30 बजे से खेले जाएंगे।

इंदौर टेनिस क्लब में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टेनिस स्पर्धा में बालक एकल के दोनों सेमीफाइनल बेहद ही रोचक अंदाज में खेले गए। पहले सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त देव विपुल पटेल ने शीर्ष क्रम के तविश पाहवा को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 3-6, 7-5, 4-1 से पराजित किया।

दूसरे सेमीफाइनल में चैथी वरीयता प्राप्त भारत के आदित्य मोर ने दूसरी वरीयता प्राप्त तनुष घिलदयाल को तीन सेटों के मैराथन मुकाबले में 6-4, 2-6, 6-1 से पराजित किया ।

बालिका एकल का खिताबी मुकाबला दोनों शीर्ष वरीयता प्राप्त विदेशी खिलाड़ी डेनमार्क की कैरोलिन हार्मंस और ग्रेट ब्रिटेन की डेविस कापानिक के मध्य खेला जाएगा। दोनों ही खिलाड़ी इस पूरे टूर्नामेंट में अपने शानदार खेल से हर किसी को प्रभावित किया और फाइनल तक का सफर तय किया । पहले सेमीफाइनल में डेनमार्क की कैरोलिन हार्मंस ने अमेरिका की तन्वी पांडे को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन की डेविस कापानिक ने भारत की अराध्या मीना को 6-4, 6-7(2), 6-2 से पराजित किया।

श्रीनिति व ऐंजल तथा आदित्य व देव युगल में बने चैंपियन

## मोटर स्पोर्ट्स इवेंट रैली ऑफ द हाइलैंड्स का आगाज

**इंदौर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से इंडियन नेशनल रैली चैम्पियनशिप (आईएनआरसी) का तीन दिवसीय रैली ऑफ द हाइलैंड्स का पीथमपुर स्थित नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक (नैट्रैक्स) में आगाज हो गया। इंदौर में यह तीन दिवसीय आयोजन पहली बार हो रहा है जिसकी शुरुआत शुक्रवार से हुई जो 1 फरवरी चलेगा। केंद्रीय भारत मोटर स्पोर्ट्स के इतिहास में एक नई शुरूआत है। इंदौर राउंड 2026 चैम्पियनशिप में 40-50 शीर्ष रैली टीमें और ड्राइवर शामिल हैं, जो देश के विभिन्न राज्यों के मोटर स्पोर्ट्स क्लबों का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन में विदेशी ड्राइवरों एवं पंजीकृत रैली वाहनों की भी भागीदारी है। आईएनआरसी इंदौर राउंड 2026 के आयोजक एवं अंजनी एडवेंचर्स के संस्थापक निलेश कमरावत ने दी।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर**

क्र./1890/रीडर/2026 — इन्दौर दिनांक 23/01/2026
प्रकरण क्रमांक 1425/अ-6/2

**-उदघोषणा-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयेश राजपाल पिता श्यामलाल राजपाल पता 3 पलसीकर कॉलोनी गुरु गोविन्द सिंह मार्ग इंदौर द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक MP7/GR17522025A101134514 दिनांक 11/12/2025 के आधार पर ग्राम भिचौली हप्सी स्थित सर्वे नम्बर 426/2 व अन्य पर विकसित एन.आर. एस्टेट कॉलोनी का भूखण्ड क्रमांक जे-47 क्षेत्रफल 5957 वर्गफीट भूमि पर अनावेदक रचना पति अजय अग्रवाल निवासी डी-4, एन.आर. इस्टेट भिचौलीहप्सी इंदौर के स्थान पर राजस्व रिकार्ड मे नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 6/02/27 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी ।

तहसीलदार
तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर

# चैतन्या व दक्षिता ने इंदौर को दिलाया पदक

**इंदौर।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के तहत प्रदेश भर में चल रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में युवाओं का जोश और प्रतिस्पर्धा चरम पर है श्रीराम जिम पर चल रही है तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वेटा-लिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाए।




बालिका वर्ग के 48 किग्रा भार वर्ग में प्रथम पारूल साहू सीहोर, द्वितीय पूर्वी लश्करी इंदौर, तृतीय ईशा पात्रे भोपाल रही। 53 किग्रा भार वर्ग में प्रथम पूनम पटेल सतना, द्वितीय पलक पटेल इंदौर, तृतीय जया गोसावी भोपाल रही। 58 किग्रा भार वर्ग में चैतन्या परमार इंदौर, द्वितीय अदिती पटेल जबलपुर, तृतीय मधु अवस्थी मंदसौर रही। 63 किग्रा भार वर्ग में प्रथम खुशी बेलदार भोपाल, द्वितीय संस्कृती प्रजापति जबलपुर, तृतीय गरीमा कोसे छिंदवाड़ा रही। 69 किग्रा भार वर्ग में प्रथम तनीषा असनानी भोपाल, द्वितीय सानिया बक्षी जबलपुर, तृतीय सोनल बाथम शिवपुरी रही। 77 किलो भार वर्ग में प्रथम परी बेलदार भोपाल, द्वितीय जानवी भिलाला शिवपुरी, तृतीय निहारिका बिसेन छिंदवाड़ा, 86 किलो भार वर्ग में प्रथम आस्था राय भोपाल, द्वितीय आयुषी चौहान उज्जैन, द्वितीय फरीद खान श्योपुर तथा 86 किलो से अधिक भार वर्ग में प्रथम दक्षिता त्रिवेदी इंदौर तथा द्वितीय गुंजन यूके भोपाल रही।

अतिथि विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, श्रीराम जिम संस्थापक सदाशिव जोशी, शर्मिला डाबर, राजेश शाक्य, पुष्पेंद्र पाटीदार, सौरभ भार्गव, एडीशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह, एडीशनल सी.एस.पी गीता चौहान, मंडल महामंत्री विपिन पाटीदार, डॉक्टर शरद नागर, दविंदर सिंह खनूजा, विमल प्रजापत, राजेश उदावत, दिनेश सोनगरा, प्रणव मंडल, राम बाबू यादव, दिलीप मुकाती, विक्रम डांगी, एम आर निवासकर, नरेन्द्र पाटीदार, संजीव राजदान, मी-रा राजदान, रेखा अग्रवाल, विकास जोशी, संजय कराडे, अर्पित पालीवाल, देवेंद्र नाहर, राजेश परमार, कान्हा त्यागी, खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।



# संभागस्तरीय महिला नेटबॉल प्रतियोगिता में होलकर विजेता

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर की संभागस्तरीय महिला नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शा. होलकर महाविद्यालय द्वारा किया गया है। प्रतियोगिता का समापन इन्दौर होलकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अनामिका जैन के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को मोमेन्टो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। विशेष अतिथि के रूप मे प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नागेश डंगावकर एवं डॉ संजय व्यास उपस्थित थे। प्राचार्य ने खिलाडियो की सराहना की और उन्हे भविष्य में भी इसी तरह से खेल के क्षेत्र में आगे बढने के लिये प्रोत्साहित किया। फायनल मैच यू.टी.डी तथा होलकर के मध्य खेला गया जिसमें होलकर ने कडे संघर्ष में यू.टी. डी को 14-8 से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। पूरे मैच में 40 मिनट तक संघर्ष होता रहा तथा मैच खत्म होने से 6 मिनट पहले तक स्कोर 10-8 था लेकिन बाद में होलकर लगातार बास्केट करते हुये स्कोर 14-8 पर खत्म करके वितेता हुआ।

# इंदौर मीडिया सीरीज सीजन 15 में रोमांचक मुकाबले जारी

**इंदौर।** मीडिया सीरीज सीजन 15 के चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दूसरे दिन आठ टीमों का आमना-सामना हुआ। टूर्नामेंट में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक जीतू जिराती, डीसीपी कृष्ण ला-रचंदानी, अपर कलेक्टर रोशन राय, अभय राजनगांवकर तथा लालबहादुर शास्त्री के पौत्र आदर्श शास्त्री सहित कई गणमान्य अतिथियों के साथ ही बड़ी संख्या में पत्रकार साथी खण्डवा रोड़ स्थित तक्षशिला परिसर ग्राउंड में पहुंचकर मैदान में अपने हाथ आजमाए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



मीडिया सीरीज सीजन 15 के दूसरे दिन के पहले मुकाबले में क्राइम टीम (सिटी) एवं संझा लोकस्वामी के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें क्राइम टीम ने 98 रन बनाए, लेकिन संझा लोकस्वामी यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। दूसरा मुकाबला आईपीसी लीगल एवं रीगल-बी के बीच हुआ जिसमें रीगल-बी ने 107 का स्कोर खड़ा किया, आईपीसी लीगल मात्र 46 रन बना कर आल आउट हो गया। रीगल-बी ने यह मुकाबला बड़े अंतर जीत लिया। तीसरा मैच खुलासा फर्स्ट एवं मालवा जर्नलिस्ट के बीच हुआ, जिसमें खुलासा फर्स्ट ने 88 रन का लक्ष्य दिया, इस लक्ष्य को मालवा जर्नलिस्ट की टीम ने कड़े एवं रोचक मुकाबले में हासिल कर जीत दर्ज की। चौथा मुकाबला एसजेएमसी एवं मातरम् इंडिया के बीच हुआ जिसमें एसजेएमसी ने जीत हासिल की।

## देव्ज एकेडमी विशाल जीत के साथ सेमीफायनल में



**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं सीसीआय के मध्य क्वार्टर फायनल मुकाबला खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी मे 22 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 31 रन बनाए। प्रणय चौहान ने 5 विकेट लिए। जवाब में देव्ज एकेडमी ने अपनी पहली पारी में 58 ओवरों में सभी विकेट खोकर 210 रन बनाए और 179 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । पवित्र पाटील ने शानदार शतक 122 रन बनाए। सीसीआय की टीम अपनी दूसरी पारी में 31 ओवरों में 72 रनों पर सिमट गई और यह मैच एक पारी और 107 रनों के अंतर से हार गई । प्रणय चौहान ने दूसरी पारी में भी 5 विकेट लिए । इस तरह उन्होंने एक मैच में 10 विकेट लिए । इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एकेसीए एवं एसएस कम्यून के मध्य खेला गय जिसमें एकेसीए ने पहले खेलते हुए 36 ओवरो में सभी विकेट खोकर 129 रन बनाये। विहान श्रीखंडे ने 4 विकेट एवं आरव ऐरिन ने 3 विकेट लिये।

## इंदौर संभाग को खेल पिट्ठू में दोहरा खिताब



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** खेलों एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर में आयोजित पा-रंपरिक खेल पिट्ठू प्रतियोगिता के बालक व बालिका वर्ग में इंदौर ने जबलपुर संभाग को क्रमशः 54 व 51 अंकों से पराजित कर दोहरे खिताब पर कब्जा जमाया। कांस्य पदक के लिए खेले गए बालक वर्ग के मुकाबले में नर्मदापुरम ने शहडोल संभाग को 88 अंकों से एवं बालिका वर्ग में शहडोल ने नर्मदापुरम को 5 अंको से पराजित कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। विजेता टीमों को पिट्ठू एसोसिएशन ऑफ मप्र के अध्यक्ष हरिनारायण यादव, सचिव गुलाब सिंह चौहान, भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो, ईश्वर सिंह चौहान, कृष्ण गोपाल मिश्रा, जिला खेल अधिकारी जोसेफ बक्सला, ब्रह्मजीत सिंह आदि ने पुरस्कृत किया। अतिथियों का स्वागत रोहित बाजपई, गोविंद मुलेवा, गगन कुरील, शरीफ खान आदि ने किया।




## रोमांचक मुकाबले में गुजरात जायंट्स ने मुंबई को हराकर रचा इतिहास

**वडोदरा।** वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले गए डब्ल्यूपीएल 2026 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में गुजरात जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 11 रनों से हराकर इतिहास रच दिया है। इस मैच में गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का साहसी फैसला लिया, जो डब्ल्यूपीएल के पिछले 40 मैचों में पहली बार देखा गया जब किसी टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी नहीं चुनी। यह जीत गुजरात के लिए इसलिए भी खास है क्योंकि लीग के इतिहास में 8 लगातार हार के बाद यह मुंबई इंडियंस के खिलाफ उनकी पहली जीत है। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ ही गुजरात जायंट्स ने आधिकारिक तौर पर एलिमिनेटर के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# मृदुल व भव्या को खिताबी सफलता

**इंदौर।** मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित खेलो एम.पी. यूथ गेम्स के अंतर्गत खेली जा रही टेबल टेनिस स्पर्धा में इंदौर के बालक एवं बालिकाओ ने उमदा खेल का प्रदर्शन करते हुए एकल व युगल वर्ग के खिताब जीत लिये। इंदौर के मृदुल जोषी ने बालक वर्ग का व इंदौर की ही भव्या राव ने बालिका वर्ग का खिताब अपने नाम किया इसके साथ ही मृदुल व भव्या ने युगल वर्ग में भी सफलता हासिल की।



मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के सहयोग से अभय प्रशाल में खेली गई स्पर्धा के यूथ बालक अंडर-19 आयु वर्ग के एकल वर्ग के अंतिम मुकाबलें में इंदौर के मृदुल जोशी ने इंदौर के ही अबु बकर को 8-11, 11-1, 11-8, 11-8 से, पराजित कर खिताब अर्जित किया। सेमीफायनल में मृदुल ने इंदौर के अभी जैन को 3-2 से, अबु ने इंदौर के शौर्य भांग्या को 3-1 से पराजित किया।

बालिका अंडर-19 आयु वर्ग के एकल मुकाबलों के फायनल में इंदौर की भव्या राव ने इंदौर की अद्विका अग्रवाल को 9-11, 11-9, 11-13, 11-8, 11-2 से परास्त कर खिताब जीता। सेमीफायनल में भव्या ने इंदौर की भाग्यश्री दवे को 3-0 से व अद्विका ने इंदौर की आराध्या राजपुत को 3-2 से पराजित किया।

बालक अंडर-19 युगल वर्ग के अंतिम मुकाबलें में इंदौर की जोडी मृदुल जोषी व अबु बकर ने शहडोल के प्रियांषु गुप्ता व यषराज गोस्वामी को 10-12, 11-8, 11-7, 9-11, 11-4 से पराजित कर खिताब जीता। सेमीफायनल में मृदुल व अबु ने भोपाल के हर्षित बघेल व सुर्याष ठाकुर को 3-0 से व प्रियांषु व यषराज ने इंदौर के अर्जुन गुप्ता व अभी जैन को 3-2 से पराजित किया।

बालिका अंडर-19 युगल वर्ग के फायनल मुकाबलें में इंदौर की भव्या राव व अद्विका अग्रवाल ने इंदौर की आराध्या राजपुत व हिया पटेल को 11-9, 14-12, 7-11, 8-11, 11-9 से हराकर खिताब अपने नाम किया। सेमीफायनल में भव्या व अद्विका ने छिंदवाडा की अनुभा ध्रुवे व अन्या 'र्मा को 3-0 से तथा आराध्या व हिया ने रोजी मंसूरी व सुविधा यादव को 3-0 से पराजित किया।

स्पर्धा का समापन एवं पुरस्कार वितरण विधायक एवं मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी ने की।

इस अवसर पर जयेष आचार्य, उपसंचालक खेल एवं युवा कल्याण उर्मिला डावर, जिला खेल अधिकारी रीना चौहान (इंदौर), राजेश शाक्य (धार), राहुल बारेसा (बालाघाट), प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य एवं गौरव पटेल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन निलेश परदेशी न किया तथा नरेन्द्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# नर्मदा नदी में मिला इंदौर के युवक का हाथ-पैर बंधा शव

## पुलिस मुखबिरी के शक में हत्या का संदेह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नर्मदा जयंती पर दोस्तों के साथ ओंकारेश्वर दर्शन करने गया इंदौर का एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया है। युवक का शव कल शाम मंधाता थाना क्षेत्र में नर्मदा नदी में तैरता हुआ मिला। चौंकाने वाली बात यह है कि मृतक के हाथ और पैर रस्सी से बंधे हुए थे, जिससे प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पिपल्याहाना निवासी मनीष भट्ट के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मनीष नर्मदा जयंती के पावन पर्व पर स्नान और दर्शन के लिए अपने कुछ दोस्तों के साथ ओंकारेश्वर रवाना हुआ था। उसके बाद से ही वह घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद आने लगा। परिजनों ने जब उसके दोस्तों से संपर्क किया, तो उन्होंने मनीष के बारे में किसी भी जानकारी होने से साफ इनकार कर दिया था। परिजन पिछले कई दिनों से उसकी तलाश में जुटे थे, लेकिन कल शाम उसकी मौत की खबर ने परिवार को झकझोर कर रख दिया।



सूत्रों के अनुसार, मनीष भट्ट के कई पुलिसकर्मियों से अच्छे संबंध थे और वह इलाके में पुलिस के लिए मुखबिरी का काम करता था। पुलिस को आशंका है कि किसी अपराधी या गिरोह को मनीष की मुखबिरी का पता चल गया होगा और इसी रंजिश में उसका अपहरण कर, हाथ-पैर बांधकर नदी में फेंक दिया गया। मंधाता पुलिस इस बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है कि मनीष किन दोस्तों के साथ घर से निकला था और वे अब कहाँ हैं। पुलिस अब मनीष के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही है ताकि उन 'दोस्तों' की पहचान की जा सके जो उसके साथ ओंकारेश्वर गए थे। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस का मानना है कि हत्या कहीं और की गई और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को नदी में फेंका गया। मंधाता और इंदौर की तिलक नगर पुलिस आपसी समन्वय से इस गुत्थी को सुलझाने की कोशिश कर रही है।

### रिंग रोड पर रईसजादों का हाई-वोल्टेज ड्रामा

# स्टंटबाजी और हुड़दंग मचाते 5 युवक गिरफ्तार, 3 लग्जरी गाड़ियां जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सड़कों को रेसिंग ट्रैक समझकर आमजन की जान खतरे में डालने वाले स्टंटबाजों के खिलाफ इंदौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 'ऑपरेशन क्लीन स्ट्रीट' के तहत आजाद नगर थाना पुलिस ने रिंग रोड पर घेराबंदी कर हुड़दंग मचा रहे पांच युवकों को दबोचा। पुलिस ने मौके से तीन लग्जरी गाड़ियां थार, स्कॉर्पियो और अर्टिगा भी जब्त की हैं, जिनसे ये युवक खतरनाक तरीके से रश ड्राइविंग कर रहे थे। डीसीपी जोन-1 कृष्ण लालचंदानी के निर्देश पर यह कार्रवाई उस समय की गई जब पुलिस को रिंग रोड पर तेज



रफ्तार वाहनों द्वारा स्टंट किए जाने की सूचना मिली। आजाद नगर पुलिस की गश्ती टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हिमांशु मालवीय निवासी नगीन नगर, मयंक निवासी खंडवा, मनीष सैनी निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग, मयंक निवासी सर्वानंद नगर और चित्रेश मंडलोई निवासी अंबिकापुरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्कॉर्पियो जीजे-20 सीबी 2621, थार एमपी-09 एडब्ल्यू 2462 और अर्टिगा जीजे-20 एएच 9307 जब्त की हैं। बताया जा रहा है कि ये युवक सड़कों पर तेज आवाज और खतरनाक स्टंट के जरिए दहशत का माहौल बना रहे थे। पुलिस ने सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### नकाबपोश बदमाशों का तांडव

# बुजुर्ग की किराना दुकान में घुसकर की तोड़फोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पलासिया थाना इलाके में बेखौफ बदमाशों द्वारा एक किराना दुकान में घुसकर तोड़फोड़ और हंगामा करने का मामला सामने आया है। मुंह पर कपड़ा बांधकर आए चार नकाबपोश बदमाशों ने लाठियों से दुकान के सामान को नुकसान पहुंचाया और कर्मचारियों को डराया-धमकाया। शोर सुनकर जब तक दुकान मालिक नीचे पहुंचे, आरोपी मौके से भाग निकले। पलासिया पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

फरियादी सुरेश पिता रामकिशन सोनी (72) निवासी साकेत नगर ने पुलिस को बताया कि साकेत मेन रोड पर उनकी 'डेली स्टेशन' नामक किराना दुकान है। घटना के समय दुकान को उनका कर्मचारी अभिषेक और अन्य स्टाफ संभाल रहे थे, जबकि सुरेश सोनी घर के ऊपरी हिस्से में थे। अचानक दुकान से शोर-शराबे और तोड़फोड़ की आवाजें आने लगीं। जब वे घबराकर नीचे दुकान पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि चार अज्ञात युवक, जिन्होंने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था, दुकान के बाहर भाग रहे थे।दुकान कर्मचारी अभिषेक ने मालिक को बताया कि अचानक चार बदमाश हाथ में लाठियां लेकर दुकान के अंदर घुस आए। उन्होंने बिना किसी कारण के दुकान में रखे सामान में तोड़फोड़ शुरू कर दी और कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हुए गालियां देने लगे। बदमाशों के हाथ में लाठी देख कर्मचारी सहम गए। दहशत फैलाने के बाद आरोपी तुरंत मौके से फरार हो गए।

# बॉयज हॉस्टल में चोरी, ऑफिस गए युवक के कमरे से 95 हजार रुपये उड़ाए

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र स्थित पारसी मोहल्ला के एक बॉयज हॉस्टल में चोरी की वारदात सामने आई है। यहाँ रहने वाले एक युवक के कमरे से अज्ञात बदमाश ने बैग में रखे 95 हजार रुपये नगद उड़ा लिए। घटना उस वक्त हुई जब फरियादी अपने ऑफिस गया हुआ था। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मूल रूप से ग्राम रहली, जिला सागर के रहने वाले फरियादी सिद्धार्थ पिता भगवत दुबे ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वे वर्तमान में पारसी मोहल्ला स्थित बॉयज हॉस्टल में रहकर काम करते हैं। वे अपने रोजाना के काम के सिलसिले में सुबह ऑफिस निकल गए थे। जब वे शाम करीब 7:45 बजे वापस हॉस्टल लौटे और अपना कमरा खोला, तो उन्हें सामान अस्त-व्यस्त मिला। सिद्धार्थ ने जब अपना बैग चेक किया, तो उनके होश उड़ गए। बैग में रखे हुए 95 हजार रुपये गायब थे। फरियादी सिद्धार्थ ने तुरंत घटना की जानकारी हॉस्टल संचालक और संयोगितागंज पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। आशंका जताई जा रही है कि किसी परिचित या हॉस्टल में आने-जाने वाले व्यक्ति को बैग में रखे रुपयों की जानकारी थी, जिसने मौका पाकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस हॉस्टल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि अज्ञात चोर की पहचान की जा सके।

## शराब पार्टी के बाद विवाद, युवक से मारपीट

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में शराब पार्टी के दौरान पुराने विवाद को लेकर युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी भारत अहिरवार पिता मदनलाल अहिरवार निवासी अर्जुनसिंह गोहर नगर बीती रात करीब साढ़े आठ बजे ग्राम भांगिया के गंदे तालाब के पास चिकन लेकर एक परिचित के घर गया था। वहां सत्यनारायण, रवि, जितेन्द्र और उसका मामा भी आ गए। सभी ने साथ बैठकर शराब पी। इसी दौरान पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने फरियादी को गालियां दीं और फिर बेल्ट व डंडे से मारपीट की। आरोपियों ने फरियादी को आगे ज्यादा बोलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। फरियादी की शिकायत पर बाणगंगा थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# धार रोड पर बेकाबू वाहन दुकान में घुसा, दो नाबालिगों सहित चार घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर थाना इलाके के धार रोड स्थित नूरानी नगर क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे की दुकान में जा घुसा। इस भीषण हादसे में दो नाबालिगों सहित कुल चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक 15 वर्षीय किशोर की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है, जबकि चालक मौके से फरार होने में सफल रहा।

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले के अनुसार, यह हादसा बीती







शाम करीब चार बजे नट कॉलोनी क्षेत्र के सर्विस रोड पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक टाटा वाहन को बहुत तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। अचानक नियंत्रण खोने के कारण वाहन सीधे दुकान में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वहां मौजूद लोग संभल भी नहीं पाए। घायलों में सर्विस सेंटर संचालक सत्यनारायण पिता मूलचंद (60) निवासी नट कालोनी, हरीश पिता रामचन्द्र (55) निवासी द्वारकापुरी, करण पिता दिलीप (16) निवासी कालानी नगर और युवराज पिता दीपक (15) निवासी डायमंड पैलेस शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल युवराज का इलाज वर्मा यूनियन अस्पताल में चल रहा है। हादसे के तुरंत बाद चालक भीड़ का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। चंदन नगर पुलिस ने दुर्घटनाकारी वाहन को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब फरार ड्राइवर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।